# GORAKHPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 05-07-2021

# 16 गौवंशीय पशु बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** जिले की खोराबार एवं सिकरीगंज पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 16 गौवंश बरामद किया। सिकरीगंज पुलिस द्वारा बरामद किये गये नौ गोवंश में से एक गोवंश की मौत हो गयी थी। जिसका पोस्टमार्टम कराया गया। सिकरीगंज में दो तस्कर जबकि खोराबार में चार तस्कर अंधेरे का लाभ उठाकर भाग निकले। खोराबार की जगदीशपुर चौकी पुलिस पर फायर झोंककर भाग रहे पशु तस्करों में से दो को पुलिस ने पकड़ने में कामयाबी हासिल की। पुलिस ने सात गोवंश बरामद किये हैं। दोनों ही घटनाओं में दो पिकअप, एक तमंचा और एक कारतूत एवं एक खोखा कारतूस पुलिस ने बरामद किये जाने का भी दावा किया है।

**खोराबार की जगदीशपुर चौकी पुलिस पर पशु तस्करों ने किया फायर**

**अंधेरे का लाभ उठाकर छह पशु तस्कर भागने में रहे कामयाब**

**दो पिकअप, तमंचा व कारतूस बरामद**

**खोराबार प्रतिनधि** के मुताबिक स्थानीय पुलिस रविवार की भोर में जगदीशपुर स्थित एचडीएफसी बैंक के पास से सात गोवंशीय लदे पिकअप को बरामद किया। इस दौरान तमंचे से जगदीशपुर चौकी पुलिस पर फायर कर भाग रहे तस्करों में से चार को चौकी प्रभारी अश्वनी कुमार तिवारी ने सहयोगियों की मदद से पकड़ लिया। उनके पास से पुलिस ने एक तमंचा, एक कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद की। पकड़े गए तस्करों की पहचान रोहाद्धीन निवासी लहसड़ी माधोपुर थाना तरयासुजान कुशीनगर व सर्वजीत नट निवासी विक्रम्पुर बांसपार थाना कोतवाली जिला देवरिया के रूप में हुयी। खोराबार पुलिस ने तस्करो के खिलाफ धारा 3/5ए /8गोवध व पशुक्रूरता अधिनियम , 307 एवं 3/25 /27 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें कोर्ट में पेश की जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

इसी क्रम में **सिकरीगंज प्रतिनिधि** के मुताबिक सिकरीगंज पुलिस बीती रात क्षेत्र गश्त पर थी। इस दौरान पुलिस टीम को एक पिकअप वाहन आते दिखी। टीम ने रोका तो पिकअप चालक वाहन लेकर भागने लगा। पुलिस द्वारा पीछा किये जाने पर चालक अपने साथी के साथ पिकअप को सड़क पर ही छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने पिकअप से नौ गौवंशीय पशुओं को बरामद किया जिसमें से एक की मौत हो गयी थी। गौवंशियों को पिकअप पर बड़ी ही बेरहमी से लादा गया था। पुलिस ने मृत गौवंशीय पशु का पोस्टमार्टम करा उसे दफ्न करवाया वहीं बाकी मवेशियों को कन्हा उपवन गौशाला हरिहरपुर भेज दिया। पुलिस ने अज्ञात पशु तस्करों के विरूद्ध 3/5 I/8 गोवंश निवारण अधिनियम एवं पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी है। पिकअप के नंबर के आधार पर फोन से सम्पर्क करने पर पिकअप मालिक गोपालगंज बिहार निवासी ने बताया वह गाड़ी को बेच चुका है।

## राप्ती के दलदल में फंसा युवक, पुलिस ने बचाई जान

**गोरखपुर (एसएनबी)।** राजघाट स्थित मुक्तिधाम रामघाट के समीप मछली मारने के दौरान रविवार को एक युवक दलदल में फंस गया। सूचना पर हमराही सिपाहियों के साथ पहुंचे टीपी नगर चौकी प्रभारी अवधेश मिश्रा ने रस्से और लकड़ी के सहारे युवक को दलदल से बाहर निकालकर उसकी जान बचायी। टीपी नगर चौकी पुलिस के इस कृत्य की चहुंओर सराहना की जा रही है। **टीपी नगर प्रतिनिधि** के मुताबिक राजघाट थाना क्षेत्र के टीपी नगर पुलिस चौकी के अंतर्गत रामघाट मुक्तिधाम के पास रविवार को 11:30 बजे राप्ती नदी में एक युवक मछली पकड़ने के दौरान दलदल में फंस गया और डूबने लगा। स्थानीय लोगों की सूचना पर टीपी नगर चौकी इंचार्ज अवधेश चंद्र मिश्रा मय फोर्स पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से एक डंडे को रस्सी में बांधकर युवक के पास फेंका। युवक को डंडा मजबूती से पकड़ने को कहा। जिसके बाद उसे खींचकर सुरक्षित बाहर निकाल लिया। युवक ने अपना नाम धनन्जय मंडल पुत्र इन्द्रदेव मंडल निवासी नौसड़ थाना गीडा तथा मूल निवासी भीनीपैसा, थाना वाराचट्टी जिला गया बिहार बताया ।



## नगर निगम के स्टोर में चोरी करने वाला पकड़ा गया

**गोरखपुर (एसएनबी)।** सूरजकुंड स्थित नगर निगम के स्टोर में चोरी करने वाले युवक को रविवार को नागरिकों ने पकड़ लिया। नागरिकों की सूचना पर प्रवर्तन बल की टीम ने चोर को सूरजकुंड पुलिस चौकी को सौंप दिया। उसके दो साथी फरार हो गए हैं। प्रवर्तन बल के प्रभारी कर्नल सीपी सिंह ने बताया कि पकड़े गए चोर की पहचान अकरम अली के तौर पर हुई है। पूछताछ में उसने नगर निगम के स्टोर से 12-15 बैट्री चुराने की जानकारी दी है। बताया कि उसके दो साथी चोरी में सहयोग करते हैं। कर्नल सीपी सिंह ने बताया कि चोर को सूरजकुंड पुलिस चौकी प्रभारी विकास सिंह को सौंप दिया गया है। मामले की जानकारी नगर आयुक्त अविनाश सिंह को दे दी गई है। **सीएम के रूट से हटाया अतिक्रमण :** इंफोर्समेंट टास्क फोर्स ने रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के रूट से अतिक्रमण हटाया। कर्नल सीपी सिंह ने बताया कि सर्किट हाउस से पैडलेगंज, विश्वविद्यालय चौराहा, रेलवे बस स्टैंड, यातायात चौराहा, धर्मशाला बाजार से गोरखनाथ होते हुए एमपी पालिटेक्निक तक अतिक्रमण हटाया गया।

# फेक करेंसी के साथ दो गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी) ।** देश में फेक करेंसी के कारोबार पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए नोटबंदी कर नए नोटों को चलन में ले आने के बाद एक बार फिर इसमें सेंध लगने लगी है। गोरखपुर जिले में बिहार से नकली नोटों की सप्लाई हो रही है। कैंट थाने की पुलिस ने जाली नोटों की सप्लाई करने वाले गैंग का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस गैंग के दो सदस्यों को पकड़ा है। जिनके पास से 200 और 100 रुपए की 16 हजार रुपए फेक करेंसी बरामद की गयी है। दोनों से पुलिस पूछताछ कर गैंग का पूरी तरह से राजफाश करने में जुटी है।

> **कमीशन पर बिहार से फेक करेंसी ले आकर मार्केट में खपा रहे थे शातिर**
>
> **पांच या दस रूपए का सामान लेते थे दुकानों से**
>
> **एमएमएमयूटी क्षेत्र में रानीडिहां के समीप रहते थे किराये के मकान में**

प्रभारी निरीक्षक कैंट सुधीर सिंह ने सहयोगी एसएसआई प्रविन्द कुमार राय, चौकी प्रभारी जटेपुर उनि इत्यानन्द पाण्डेय, चौकी प्रभारी इंजीनियरिंग कालेज उनि पुरुषोत्तम आनन्द सिंह व का. दीपक यादव थाना कैण्ट के साथ मुखबिर की सूचना पर जाली नोटों के कारोबारियों को रानीडिहां तिराहे से पकड़ा। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम दिलशेर अली पुत्र मो. युनुस मूल निवासी गोपलापुर थाना हुसैनगंज जनपद सिवान ( बिहार ) हालपता किरायेदार उमरावती हास्पिटल के बिल्डिग में बसंत बिहार रानीडीहा थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर व फकरुद्दीन अंसारी पुत्र अयातुल्ला अंसारी मूल निवासी बांसगांव तिहरिया पट्टी थाना बांसगांव गोरखपुर हालपता बसंत बिहार गेट के सामने उमेश हरिजन के मकान में किरायेदार रानीडीहा थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर बताया। अभियुक्तों के कब्जे से 16000 रुपये की फेक करेंसी ( 200 रुपये की 56 नोट व 100 रुपये की 48 नोट ) बरामद की गयी। अभियुक्तों ने बताया कि राजन तिवारी निवासी दक्षिण टोला सिवान शहर बिहार उन्हें कमीशन पर जाली नोट उपलब्ध कराता था। उसकी गिरफ्तारी का पुलिस प्रयास कर रही है।

**मार्केट में ऐसे खपाते थे फेक करेंसी :** अभियुक्तों ने बताया कि वह कमीशन पर फेक करेंसी का कार्य कर रहे थे। वह दुकानों पर जाकर पांच या दस रुपए का सामान खरीदने के बाद दुकानदार को सौ या दो सौ रुपए की फेक करेंसी दे देते हैं। दुकानदार शेष पैसा उन्हें लौटा देता है।



पुलिस गिरफ्त में गैंग के सदस्य। फोटो : एसएनबी

### देश भर में पहुंचाई जा रही नकली नोटों की खेप

पुलिस सूत्रों के मुताबिक इस इन तस्करों को बिहार का रहने वाला राजन तिवारी नाम का शख्स नोटों की सप्लाई दे रहा है। इन दोनों के जैसे दर्जनों तस्कर नकली नोटों की छोटी-छोटी खेप देश भर में पहुंचा रहे हैं। हालांकि इस गैंग के पीछे कोई इंनटनेशनल कनेक्शन है या नहीं, इसकी जांच की जा रही है। पुलिस पकड़े गए दोनों तस्करों से पूछताछ कर रही है। वहीं, पुलिस इस गैंग की तलाश में बिहार भी जाएगी। फेक करेंसी की बरामदगी के बाद यूपी एटीएस की टीम ने भी मामले को संज्ञान में लिया है।

# पुलिस लाइंस में फ्री हेल्थ चेकअप कैंप

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (4 July):** पुलिस लाइंस में एसएसपी के मार्गदर्शन में व्हाइट हाउस सभागार में रविवार को आईएमए की तरफ से फ्री हेल्थ चेकअप शिविर का आयोजन किया गया. शिविर का शुभारंभ आईएमए अध्यक्ष डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव ने किया. शिविर में डॉ. दिप्ती चतुर्वेदी, डॉ. बबिता शुक्ला, डॉ. अरुणा छरिया, डॉ.अंजू जैन, डॉ. अमृता सरकारी, डॉ. शालिनी अग्रवाल, डॉ. शिवशंकर शाही, डॉ. सीमा शाही शामिल रहीं.

# मुठभेड़ में पकड़े गए दो पशु तस्कर, चार भागे

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (4 July):** पिकअप से पशुओं को लेकर कुशीनगर जा रहे तस्करों को खोराबार पुलिस ने शनिवार की रात जगदीशपुर में घेर लिया. फायरिंग कर तस्करों ने भागने की कोशिश की लेकिन डिवाइडर पर टकराकर पिकअप ऊपर चढ़ गया. पुलिसकर्मियों ने दो तस्करों को दबोच लिया, उनके चार साथी फरार हो गए. हत्या की कोशिश,आर्म्स एक्ट और पशु क्रूरता अधिनियम के तहत केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपितों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया.

## फोरलेन पर पुलिस ने घेरा

एसपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि शनिवार की रात में सूचना मिली कि तस्कर पिकअप में पशुओं को लेकर कुशीनगर की तरफ जा रहे हैं. खोराबार पुलिस ने जगदीशपुर में फोरलेन पर उन्हें घेर लिया. जगदीशपुर में एचडीएफसी बैंक के पास पिकअप डिवाइडर से टकरा कर उसपर चढ़ गयी. पुलिस ने पिकअप में सवार कुशीनगर जिले के तरयासुजान क्षेत्र के लतबाचड़ी माधोपुर निवासी रोजाद्दीन और देवरिया जिले के कोतवाली क्षेत्र के सर्वजीत नट को गिरफ्तार कर लिया. पिकअप में दो गाय और पांच बछड़े लदे हुए थे.आरोपितों से 315 बोर का एक तमंचा मिला.

# युवक को किया रेस्क्यू केबल के सहारे निकाला

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (4 July):** राजघाट के राप्ती नदी में दलदल में फंसे युवक का पुलिस ने रेस्क्यू किया. पब्लिक के शोर मचाने पर पहुंची पुलिस ने उसे रस्सी की मदद से बाहर निकाला. करीब 15 मिनट तक चले ऑपरेशन में जब युवक बाहर आया तो उसके चेहरे पर मुस्कान खिल गई. उसे सही सलामत पाकर परिवार लोगों ने भी राहत महसूस की. बचाव दल में शामिल टीपी नगर चौकी प्रभारी ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम रवाना हो गई थी.

### गले तक डूब गया था युवक

बिहार के बाराचट्टी, भीनीपेसा, बाराचट्टी निवासी धनंजय मंडल नौसढ़ में रहकर काम करता है. रविवार की सुबह करीब 11 बजे वह मछली पकड़ने गया. नदी का पानी घटने से किनारे से लेकर नदी तक भूमि दलदली है. वह पानी में दूसरी तरफ से घुसा. मछली पकड़ने के चक्कर में दलदल में चला गया. दलदल में फंसकर वह धीरे-धीरे वह कमर तक डूब गया. उसके शोर मचाने पर लोगों ने पुलिस को सूचना दी. युवक के दलदल में फंसने की जानकारी पाकर पुलिस पहुंची. गुरु गोरक्षनाथ घाट के पास पुराने पड़े हुए बिजली के केबल में डंडा बांधकर युवक की तरफ फेंका. इस दौरान देखते-देखते हुए वह गले तक दलदल में पहुंच गया था. लेकिन डंडे की मदद से उसे खींचकर बाहर ले आया गया.

### जान बची तो चेहरे पर खिली मुस्कान

दलदल में फंसा युवक मदद के लिए चींखता रहा. उसे लगा कि अब जान नहीं बच सकेगी, लेकिन पुलिस के प्रयास से उसे समय रहते बाहर निकाल लिया गया. इस दौरान वह जल्दी मदद मांगने के लिए अपशब्द भी कहता रहा. बचने के चक्कर में वह डूबता चला गया. लेकिन पुलिस ने उसे जब बाहर निकाल लिया तो उसके चेहरे पर मुस्कान खिल उठी. उसने कहा कि पुलिस ने उसे मौत के मुंह से खींचकर निकाला है.

**युवक के दलदल में फंसने की सूचना पर हम लोग पहुंचे. तत्काल केबल में लकड़ी बांधकर फेंकी गई. 10 मिनट के भीतर ही उसे बाहर निकाल लिया गया.**

**अवधेश मिश्रा,** चौकी इंचार्ज, टीपी नगर

# पिकअप छोड़ भागे तस्कर आठ गोवंश कराए मुक्त

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (4 July):** सिकरीगंज के उफरौली गांव में शनिवार रात पुलिस टीम के पीछा करने पर तस्कर पिकअप में नौ गोवंशियों को छोड़कर फरार हो गए. एक गोवंशी की मौत हो गई. आठ गोवंशियों को मुक्त कराकर कान्हा उपवन हरिहरपुर में छोड़ दिया गया.




रात करीब एक बजे सिकरीगंज पुलिस को सूचना मिली कि पशु तस्कर पिकअप से गोवंश को ले जाने वाले हैं. पुलिस टीम ने संदिग्ध पिकअप को देखकर पीछा किया पिकअप छोड़कर तस्कर भाग गए. छानबीन में पता चला कि पिकअप बिहार के एक व्यक्ति की है. थानाध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर पशु तस्करों की तलाश की जा रही है.

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT

## मानवता



लोगों की मदद करने के लिए यूं तो कई हाथ बढ़ते हैं. मगर वह अहसान भी जता देते हैं. मगर अंबेडकर चौक पर ड्यूटी कर रहे होमगार्ड सुरेश चौरसिया ड्यूटी के साथ दुआएं भी कमा रहे हैं. इसके लिए वह किसी से जिक्र भी नहीं करते हैं और निस्वार्थ अपने काम में लगे हैं.

Hindustan5.webp

Hindustan4.webp

## 41 एल्यूमिनियम सीट के साथ तीन गिरफ्तार

**जासं, गोरखपुर :** रामगढ़ताल पुलिस ने रविवार की सुबह चोरी की 41 एल्यूमिनियम सीट के साथ तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया। दोपहर बाद उन्हें कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

रविवार की सुबह चौकी प्रभारी आजाद चौक विशाल उपाध्याय ने मुखबिर की सूचना पर दुर्गा चौक के पास खड़े तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनसे चोरी की एल्यूमिनियम सीट बरामद की। आरोपितों की पहचान गोरखनाथ क्षेत्र के धर्मशाला, जटेपुर दक्षिणी निवासी संजय, रिंकू गुप्ता और गुलरिहा क्षेत्र के सरैया बाजार निवासी पवन कुमार के रूप में हुई।

## दो चोरों को पुलिस ने दबोचा, सामान बरामद

**गोरखपुर।** शाहपुर पुलिस ने रविवार को दिन में धर्मशाला पुल के नीचे से मुखबिर की सूचना पर एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके पास से चोरी का सामान बरामद हुआ। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार शाहपुर पुलिस रविवार को दिन में वांछितों की तलाश में लगी हुई थी। इस दौरान मुखबिर की सूचना पर धर्मशाला पुल के नीचे से एक चोर को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके पास से चोरी का घड़ी और दो हजार नकदी बरामद किया। पूछताछ में उसकी पहचान गुलरिहा के झुंगिया बाजार निवासी संदीप के रूप में हुई।

Hindustan3.webp

Hindustan1.webp

## चोरी के सामान संग युवक गिरफ्तार

गोरखपुर : शाहपुर पुलिस ने रविवार की सुबह चोरी के सामान संग युवक को गिरफ्तार किया। पूछताछ में चोरी की दो घटनाओं का पर्दाफाश हुआ। प्रभारी निरीक्षक आनंद प्रकाश ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त की पहचान गुलरिहा के झुंगिया बाजार निवासी संदीप कुमार के रुप में हुई।

## स्मैक के साथ शातिर गिरफ्तार

गोरखपुर : आजाद नगर चौक प्रभारी ने रविवार की सुबह फलमंडी के पास 10 ग्राम स्मैक के साथ युवक को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसकी पहचान महेवा निवासी सनी निषाद के रूप में हुई।

# दलदल में फंसे मछुआरे को निकाला

## राप्ती नदी में पैर फिसलने से फंसा था युवक

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** राप्ती नदी में रविवार की सुबह मछली पकड़ रहा युवक दलदल में फंस गया। शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने उसे बाहर निकलवाया।

बिहार के गया जिले का रहने वाला धनंजय मंडल रविवार की सुबह मछली पकड़ने लिए राजघाट में राप्ती नदी के किनारे बैठा था। इसी दौरान पैर फिसलने से वह दलदल में फंस गया और शोर मचाने लगा। आवाज सुनकर देखने के लिए भीड़ लग गयी लेकिन मदद को आगे नहीं आ रहा था। सिपाहियों के साथ पहुंचे टीपी नगर चौकी प्रभारी अवधेश मिश्रा ने रस्सी के सहारे बाहर निकाला।



दलदल में फंसे मछुआरे को टीपीनगर चौकी प्रभारी ने बाहर निकाला ● सौ. पुलिस मीडिया

## एडीजी की पहल : कोरोना से जान गंवाने वालों के नाम पर

# जोन की पुलिस स्मृति में लगाएगी पौधे

सतीश कुमार पांडेय ● गोरखपुर

कोरोना संक्रमण से जान गंवाने वाले लोगों के नाम पर पुलिस पौधे लगाएगी। यह अनूठी पहल एडीजी जोन अखिल कुमार ने की है। इस बाबत उन्होंने जोन के 11 जिलों के पुलिस कप्तान को निर्देश दिए हैं। पौधे लगवाने के बाद जोन कार्यालय को सूची भेजनी है।

पुलिसकर्मियों के घर पर संबंधित जिले के एसपी और एडिशनल एसपी जाएंगे। स्वजन के साथ उनके आवासीय परिसर में ही दिवंगत की स्मृति में पौधे लगाएंगे। पौधे की सुरक्षा के लिए लगे ट्री गार्ड पर दिवंगत व्यक्ति के नाम की पट्टिका लगी होगी। कोरोना संक्रमण में किसी की मांग का सिंदूर उजड़ा तो किसी ने कमाऊ बेटा खो दिया। अब उनकी यादों को संजोया जाएगा।

थानेदार व चौकी प्रभारी को कोरोना संक्रमण की वजह से जान गंवाने वालों की सूची दी जाएगी। स्वजन के साथ उनकी याद में उनके घर पर ही पौधारोपण करेंगे। एडीजी जोन ने बताया कि सभी जगह पीपल, बरगद, नीम, आंवला, तुलसी, आम, बेल, पाकड़, गूलर, सेमल, जामुन, अमरूद, बेर, शमी समेत अन्य पौधे लगाए जाएंगे।

**छांव के साथ मिलेगा सुकून :** कोरोना संक्रमण से मरने वालों की स्मृति में पौधा लगाने की मुख्य वजह ठीक से देखभाल करना है। एडीजी का मानना है कि स्मृति में लगे पौधे से लोगों का भावनात्मक लगाव रहेगा। जिसकी वजह से स्वजन उसकी देखरेख भी ठीक ढंग से करेंगे। स्मृति में लगा पौधा छांव देने के साथ ही सुकून भी देगा।

### दिवंगत लोगों की याद में स्मृति वाटिका




रामनगर कड़जहां में स्मृति वाटिका में पौधारोपण करते जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशु शेखर ठाकुर ●सौ. पंचायत विभाग

**जासं, गोरखपुर :** कोरोना संक्रमण के कारण दिवंगत हुए लोगों की याद में गांवों में स्मृति वाटिका तैयार करने का काम रविवार से शुरू हो गया। 80 ग्राम पंचायतों में स्मृति वाटिकाएं तैयार की गई। यह अभियान अभी जारी रहेगा। मुख्यमंत्री ने कोरोना से दिवंगत लोगों की याद में स्मृति वाटिका तैयार करने के निर्देश दिए थे। जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) की ओर से इस संबंध में सभी ग्राम पंचायतों को निर्देश जारी कर दिए गए थे। एक स्मृति वाटिका में कम से कम 50 पौधे लगाने की योजना है। पहले दिन 80 ग्राम पंचायतों में स्मृति वाटिका तैयार की गई। डीपीआरओ हिमांशु शेखर ठाकुर ने पिपराइच ब्लाक के रामनगर कड़जहां में स्मृति वाटिका में पौधारोपण किया। पहले दिन ग्राम प्रधान व पंचायती राज विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों ने पौधे लगाए।

वाटिका के लिए पंचायतों की ओर से स्थान भी उपलब्ध कराया जा रहा है। सभी ग्राम पंचायतों में स्मृति वाटिका बनाने तक अभियान जारी रहेगा। सोमवार से अभियान को और गति मिलेगी। सभी एडीओ पंचायत एवं पंचायत सचिवों को स्मृति वाटिका तैयार करने की समीक्षा करने को कहा गया है।

कोरोना की चपेट में आने से जो लोग असमय काल कवलित हो गए, उनकी स्मृति में पुलिसकर्मी पौधारोपण करेंगे। पौधों पर दिवंगत लोगों के नाम की पट्टिका लगाई जाएगी। अगले सप्ताह से गोरखपुर, बस्ती और देवीपाटन रेंज के सभी जिलों में पौधारोपण शुरू हो जाएगा।



**अखिल कुमार**, एडीजी जोन

# ग्राहक सेवा केंद्र पर हुई लूट में शामिल बदमाश गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** गुलरिहा के जंगल माधी में ग्राहक सेवा केंद्र पर हुई लूट में शामिल बदमाश को पुलिस ने शनिवार की रात गिरफ्तार किया। रविवार को दोपहर बाद उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

एसपी नार्थ ने बताया कि 31 मई को बदमाशों ने जंगल माधी में स्थित अय्यान डिजिटल स्टूडियो के संचालक को पिस्टल सटाकर दो लाख रुपये लूट लिए थे। वारदात में शामिल सहजनवां के घघसरा निवासी अमित कुमार सिंह को पुलिस ने शनिवार की रात मलंग स्थान के पास गिरफ्तार किया। उससे दो हजार रुपये, चेक बुक और वाहन रजिस्ट्रेशन का पेपर बरामद हुआ।

## अज्ञात व्यक्ति का शव मिला हत्या की आशंका

**कुसम्ही बाजार :** पिपराइच थाना क्षेत्र के चनगही गांव में रविवार शाम फरेन नाला के किनारे 40 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला। गला घोंटकर हत्या के बाद शव फेंके जाने की आशंका है। पुलिस शिनाख्त की कोशिश कर रही है। युवकों ने 40 वर्षीय व्यक्ति का अर्धनग्न शव देखकर डायल 112 पर सूचना दी। एसपी नार्थ ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत की वजह स्पष्ट होगी।

## युवक को पीटा, तीन पर केस

गोरखपुर : बेलवा रायपुर गांव में शनिवार की रात सब्जी लेने गए युवक को मनबढ़ों ने पीट दिया। पत्नी रंजना ने गुलरिहा थाने पहुंचकर तीन अज्ञात युवकों पर केस दर्ज कराया। तहरीर में लिखा है कि शनिवार की रात पति उमेश निषाद शराब भट्ठी चौराहे पर सब्जी खरीदने गए थे। वहां पहले से खड़े बनकट गांव के तीन युवकों ने घेरकर पिटाई कर दी। घायल पति को स्वजन जिला अस्पताल ले गए जहां से मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक गुलरिहा विनोद अग्निहोत्री ने बताया कि अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश की जा रही है।

# मुठभेड़ में पकड़े गए दो पशु तस्कर, चार भागे

**जागरण संवाददाता, कुसम्ही बाजार:** पिकअप से पशुओं को लेकर कुशीनगर जा रहे तस्करों को खोराबार पुलिस ने शनिवार की रात जगदीशपुर में घेर लिया। फायरिंग कर तस्करों ने भागने की कोशिश की लेकिन डिवाइडर पर टकराकर पिकअप ऊपर चढ़ गया। पुलिसकर्मियों ने दो तस्करों को दबोच लिया, उनके चार साथी फरार हो गए। हत्या की कोशिश,आर्म्स एक्ट और पशु क्रूरता अधिनियम के तहत केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपितों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

एसपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि शनिवार की रात में सूचना मिली कि तस्कर पिकअप में पशुओं को लेकर कुशीनगर की तरफ जा रहे हैं। खोराबार पुलिस ने जगदीशपुर में फोरलेन पर उन्हें घेर लिया। जगदीशपुर में एचडीएफसी बैंक के पास पिकअप डिवाइडर से टकरा कर उसपर चढ़ गयी। पुलिस ने पिकअप में सवार कुशीनगर जिले के तरयासुजान क्षेत्र के लतबाचड़ी माधोपुर निवासी रोजाद्दीन और देवरिया जिले के कोतवाली क्षेत्र के सर्वजीत नट को गिरफ्तार कर लिया। पिकअप में दो गाय और पांच बछड़े लदे हुए थे।आरोपितों से 315 बोर का एक तमंचा मिला।

### कार्रवाई

- कुशीनगर व देवरिया जिले के रहने वाले हैं आरोपित
- जगदीशपुर में डिवाइडर से टकराकर रुका पिकअप

### पिकअप छोड़ भागे तस्कर आठ गोवंश को कराया मुक्त

उरुवा बाजार : सिकरीगंज के उफरौली गांव में शनिवार रात पुलिस टीम के पीछा करने पर तस्कर पिकअप में नौ गोवंशियों को छोड़कर फरार हो गए। एक गोवंशी की मौत हो गई। आठ गोवंशियों को मुक्त कराकर कान्हा उपवन हरिहरपुर में छोड़ दिया गया।

रात करीब एक बजे सिकरीगंज पुलिस को सूचना मिली कि पशु तस्कर पिकअप से गोवंश को ले जाने वाले हैं। पुलिस टीम ने संदिग्ध पिकअप को देखकर पीछा किया पिकअप छोड़कर तस्कर भाग गए। छानबीन में पता चला कि पिकअप बिहार के एक व्यक्ति की है। थानाध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर पशु तस्करों की तलाश की जा रही है।

## स्टोर से चोरी करने वाला पकड़ा गया

**जासं, गोरखपुर:** सूरजकुंड स्थित नगर निगम के स्टोर में चोरी करने वाले युवक को रविवार को नागरिकों ने पकड़ लिया। प्रवर्तन बल की टीम ने आरोपित को सूरजकुंड पुलिस चौकी को सौंप दिया। उसके दो साथी फरार हो गए। प्रवर्तन बल के प्रभारी कर्नल सीपी सिंह ने बताया कि पकड़े गए अकरम अली ने नगर निगम के स्टोर से 12-15 बैट्री चुराना स्वीकारा है।

# जाली नोट के साथ दो गिरफ्तार, जांच शुरू

## बिहार से लाते थे नोटों की खेप, आरोपितों के कब्जे से मिले 16 हजार रुपये के नकली नोट

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर:** जिले में बिहार से जाली नोटों की सप्लाई हो रही है। कैंट पुलिस ने शनिवार की रात रानीडीहा के पास गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया। उनसे 200 और 100 रुपये के जाली नोट की दो गड्डी (16 हजार रुपये) मिली। पुलिस, एटीएस (आतंकवाद निरोधक दस्ता) और खुफिया एजेंसी के अधिकारी आरोपितों से पूछताछ कर रहे हैं।

शनिवार की शाम प्रभारी निरीक्षक सुधीर सिंह, चौकी प्रभारी इंजीनियरिंग कालेज पुरुषोत्तम आनंद सिंह, जटेपुर प्रभारी इत्यानंद पांडेय ने रानीडीहा स्थित एक फल की दुकान पर 200 रुपये का नकली नोट चलाते एक व्यक्ति को पकड़ा। उससे 200 रुपये के 15 जाली नोट बरामद किए गए। आरोपित से पूछताछ के बाद पुलिस ने सिंघड़िया में रहने वाले उसके साथी को पकड़ा। फिर उसकी निशानदेही पर 200 और 100 रुपये के नोट की एक-एक गड्डी बरामद की। देर रात एटीएस गोरखपुर की टीम भी आरोपितों से पूछताछ करने कैंट थाने पहुंची। उम्मीद है कि पुलिस और यूपी एटीएस की टीम जाली नोट के कारोबार से जुड़े बड़े मामले का पर्दाफाश करेगी। एसएसपी दिनेश कुमार पी ने बताया कि आरोपितों से पूछताछ चल रही है। जल्द ही पूरे रैकेट का पर्दाफाश किया जाएगा।




कैंट थाने में जाली नोट के साथ पकड़े गए आरोपित ● सौ. पुलिस मीडिया सेल

### आरोपितों में एक बांसगांव तो दूसरा बिहार का है निवासी

जाली नोट के कारोबार के तार बिहार से जुड़े बताए जा रहे हैं। पकड़े गए आरोपितों में बांसगांव थाना क्षेत्र के तिहरिया पट्टी का फकरूद्दीन और दूसरा बिहार सिवान के हुसेनगंज थाना क्षेत्र के गोपालपुर का निवासी दिलशेर है। पुलिस के अनुसार दोनों बिहार से नकली नोटों की खेप लाकर गोरखपुर और आसपास के इलाकों में चलाते हैं। दोनों आरोपित सिंघड़िया निवासी उमेश के मकान में किराए पर कमरा लेकर रहते थे।

### राजन से मिली थी जाली नोट की खेप

दोनों आरोपितों ने पुलिस को बताया कि गिरोह का सरगना सिवान (बिहार) के दक्षिण टोला का रहने वाला राजन तिवारी है। वह कमीशन पर जाली नोट मुहैया करता है। उससे जुड़े कई लोग पूरे देश में जाली नोट की खेप पहुंचा रहे हैं। गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में पुलिस टीम को बिहार भेजा गया है। एक साल पहले भी बांसगांव पुलिस ने कुछ लोगों को जाली नोट चलाते हुए गिरफ्तार किया था। सोमवार को आरोपितों को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

# पुलिस से मुठभेड़ में दो तस्कर गिरफ्तार, सात पशु बरामद

## फरार साथियों की तलाश में पुलिस, आरोपितों पर केस दर्ज कर भेजा जेल

अमर उजाला ब्यूरो

**कुसम्ही (गोरखपुर)।** खोराबार पुलिस ने शनिवार की रात कुसम्ही बाजार में मुठभेड़ के बाद दो पशु तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इनके पास से सात पशु भी बरामद किए हैं। वहीं अंधेरे का फायदा उठाकर तस्करों के कुछ साथी फरार हो गए। जिनकी तलाश में पुलिस टीम लगाई गई है।

पुलिस ने आरोपितों के पास से तमंचा बरामद किया है। आरोपितों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट, पशु क्रूरता, गोवध अधिनियम के तहत केस दर्ज कर रविवार की दोपहर बाद कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया है।

आरोपितों की पहचान कुशीनगर के तरया सुजान थाना क्षेत्र के लतबाचट्टी माधोपुर निवासी

### खोराबार पुलिस को मिली कामयाबी, तस्करों के पास से तमंचा मिला

रोजाद्दीन और देवरिया के बासपार निवासी सर्वजीत नट के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, शनिवार की रात कुसम्ही बाजार में पेट्रोल पंप के पास तस्करों के होने की सूचना मुखबिर से मिली। पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपित पिकअप लेकर भागने लगे। रास्ते में डिवाइडर पर पहिया चढ़ने से पिकअप पलट गई। इस दो तस्कर उसमें फंस गए। बाकी भागने में सफल रहे। पुलिस ने नजदीक जाने की कोशिश की तो एक आरोपित ने फायर कर दिया। पुलिस ने खुद का बचाव करते हुए दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। फरार आरोपितों की तलाश की जा रही है।

### नौ पशु बरामद

**सिकरीगंज।** पुलिस ने शनिवार की रात पशु तस्करों का पीछा किया। खुद को घिरता देख तस्कर उफरौली गांव के पास पिकअप छोड़कर फरार हो गए। पिकअप से पुलिस ने नौ पशुओं को बरामद किया जिसमें से एक की मौत हो गई। मृत पशु का पोस्टमार्टम कराया गया है। अन्य पशुओं को गौशाला भेजा गया। पुलिस ने पिकअप के नंबर के आधार पर मालिक से संपर्क किया तो उसने बताया कि गाड़ी बेच चुका है। थानाध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने बताया कि अंधेरे का फायदा उठाकर तस्कर फरार हो गए हैं। उनकी तलाश में पुलिस टीम लगाई गई है।

# युवक दलदल में फंसा, पुलिस ने बचाई जान



पुलिस के साथ बचाया गया युवक।

**गोरखपुर।** राजघाट इलाके में राप्ती नदी के रामघाट पर मछली पकड़ने गया युवक दलदल में फंसकर डूबने लगा। यह देख वहां मौजूद लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंचे ट्रांसपोर्ट नगर चौकी इंचार्ज अवधेश मिश्रा ने आसपास के युवकों की मदद से घंटों की मशक्कत के बाद दलदल में फंसे युवक को बाहर निकाला।

जानकारी के मुताबिक, बिहार के गया के रहने वाले धनंजय मंडल गोरखपुर में मछली पकड़ने का काम करते हैं। रविवार की सुबह वह मछली पकड़ने के लिए नदी के किनारे गए थे। मछली पकड़ने के लिए जैसे ही वह आगे बढ़े, उनका पैर फिसल गया और वह दलदल में फंसा गए। धनंजय के शोर मचाने पर लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर ट्रांसपोर्ट नगर चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंच गए और आसपास के लोगों की मदद से उन्हें बाहर निकाला। ब्यूरो

## 10 ग्राम स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

**गोरखपुर।** रामगढ़ ताल पुलिस ने 10 ग्राम स्मैक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान महेवा निवासी सनी निषाद के रूप में हुई है। इंस्पेक्टर जगत नारायण सिंह के मुताबिक, चौकी प्रभारी आजाद चौक विशाल कुमार उपाध्याय को मुखबिर के जरिए सूचना मिली की एक संदिग्ध फल मंडी के पिछले गेट के पास मौजूद है। वहां एक आरोपी को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके पास से स्मैक बरामद हो गया। ब्यूरो

## युवक की पिटाई के तीन आरोपितों पर केस

**गुलरिहा।** इलाके के बेलवारायपुर गांव में पिछले सोमवार की रात उमेश निषाद के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने तीन अज्ञात आरोपितों पर केस दर्ज कर लिया है। पुरानी रंजिश में हुई मारपीट में घायल का इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। रविवार को घायल की पत्नी रंजना ने तहरीर देकर तीन अज्ञात आरोपितों पर केस दर्ज कराया है। थाना प्रभारी गुलरिहा विनोद कुमार अग्निहोत्री ने बताया की आरोपितों की तलाश की जा रही है। ब्यूरो

## प्रधान के खिलाफ धमकी देने का मुकदमा

**गुलरिहा।** मेडिकल कॉलेज की बीआईएस कर्मचारी सुशीला ने गांव के प्रधान गोपाल पर पुरानी रंजिश में धमकी देने का आरोप लगाया है। रविवार को तहरीर मिलने के बाद गुलरिहा पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, गुलरिहा थाना क्षेत्र के नारायनपुर टोला मोहम्मदपुर निवासी सुशीला का कहना है कि वह ड्यूटी को घर से निकलीं थीं, रास्ते में उनको धमकी दी गई। ब्यूरो

## एल्युमीनियम शीट चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार

**गोरखपुर।** रामगढ़ताल पुलिस ने गोदाम से एल्युमीनियम शीट चोरी करने के तीन आरोपितों को रविवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके पास से एल्युमीनियम की 41 शीट बरामद की है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान गोरखनाथ के जटेपुर निवासी संजय कुमार, गुलरिहा के सरैया निवासी पवन कुमार और रिंकू गुप्ता के रूप में हुई है। इंस्पेक्टर जगत नारायण सिंह ने बताया कि चोरों की तलाश में पुलिस टीम लगी थी। इसी बीच रविवार को सूचना मिली कि दुर्गा चौक के पास तीन संदिग्ध खड़े हैं। सूचना पर आजाद चौकी इंचार्ज अभिनव मिश्रा टीम के साथ पहुंच गए और घेराबंदी कर पकड़ लिया। ब्यूरो

## डकैती में शामिल पांचवां आरोपित पकड़ा गया

**गुलरिहा।** जंगल माघी में बीते दिनों हुई डकैती में शामिल पांचवें आरोपित को पुलिस ने शनिवार की रात में गिरफ्तार कर लिया। रविवार को उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। आरोपित की पहचान सहजनवां के घघवा निवासी अमित कुमार सिंह (20) के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, 31 मई को जंगल माघी में अय्यान डिजिटिल स्टूडियो एवं जनसेवा केंद्र में दो बाइक से आए बदमाशों ने लूटपाट की थी। दो लाख रुपये लूटकर फरार हो गए थे। संख्या चार से ज्यादा होने की वजह से पुलिस ने डकैती की धारा में केस दर्ज किया था। चार आरोपितों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पुलिस पांचवें आरोपित की तलाश में थी। इसी बीच शनिवार को मलंग स्थान पर संदिग्ध युवक दिखाई दिया तो पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया। इसपर युवक भागने की कोशिश करने लगा। संदेह होने पर पुलिस ने युवक को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपित को जेल भेजा। ब्यूरो

# कैंट पुलिस ने 16 हजार के नकली नोटों के साथ दो युवकों को दबोचा

## 100 रुपये के 48 और 200 के 56 नोट मिले, पुलिस के साथ एटीएस ने भी शुरू की जांच

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** कैंट थाना क्षेत्र की दिव्यनर कॉलोनी से शनिवार की रात पुलिस ने दो युवकों को नकली नोटों के साथ गिरफ्तार किया है। युवकों के पास से 200 और 100 रुपये के 16 हजार रुपये के नकली नोट बरामद हुए हैं।

पुलिस ने दोनों आरोपितों पर कूटरचित तरीके से नकली नोट तैयार करने की धारा में केस दर्ज कर लिया है। नकली नोट पकड़े जाने की सूचना पर एटीएस गोरखपुर यूनिट ने भी जांच शुरू कर दी है।

आरोपितों की पहचान बिहार के सिवान निवासी दिलशेर अली और बांसगांव कि हजीहरया पट्टी निवासी फकरुद्दीन के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, कैंट इलाके की इंजीनियरिंग कॉलेज चौकी की पुलिस ने शनिवार की रात



पुलिस की गिरफ्त में नकली नोट के साथ पकड़े गए आरोपित।

### किराए के कमरे में शहर में रहते थे, बिहार से गोरखपुर में हो रही जाली नोटों की सप्लाई

रानीडीहा स्थित एक फल की दुकान पर 200 के नकली नोट चलाते एक व्यक्ति को पकड़ा। पुलिस ने उसके पास से 200 रुपये 15 नकली नोट बरामद किए। उससे पूछताछ के बाद उसके साथी को पुलिस ने दिव्यनगर से पकड़ा। फिर पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर 200 के 56 नोट और 100 रुपये के 48 नोट बरामद किए हैं।

आरोपित दिलशेर अली 100 या 200 रुपये के नोट बिहार के राजन तिवारी से कमीशन पर लेता था। फिर गोरखपुर में लाकर पांच या दस रुपये का सामान खरीद कर नोट चला देता था। पुलिस इनके पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है।

### बिहार से जुड़ा है नकली नोटों का तार

**दोनों** तस्कर बिहार से जुड़े बताए जा रहे हैं। इनमें एक बांसगांव इलाके का रहने वाला फकरूद्दीन है और दूसरा बिहार सिवान का रहने वाला दिलशेर बताया जा रहा है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक दोनों बिहार से नकली नोटों की खेप गोरखपुर लाकर यहां से अन्य शहरों में इसकी सप्लाई करते हैं। शहर में दोनों सिंघड़िया में किराए का कमरा लेकर रहते हैं। हालांकि नकली नोटों के कारोबार में पकड़े गए सिर्फ ये दो तस्कर ही नहीं, बल्कि इस गैंग के पीछे एक बड़ा नेटवर्क काम कर रहा है। जिसकी तलाश में पुलिस व यूपी एटीएस की टीम लग गई है।

### देश भर में पहुंचाई जा रही नोटों की खेप

**पुलिस** सूत्रों के मुताबिक इन तस्करों को बिहार का रहने वाला राजन तिवारी नाम का शख्स नोटों की सप्लाई दे रहा है। इन दोनों के जैसे दर्जनों तस्कर नकली नोटों की छोटी-छोटी खेप देश भर में पहुंचा रहे हैं। हालांकि इस गैंग के पीछे कोई अंतराराष्ट्रीय कनेक्शन है या नहीं, इसकी जांच की जा रही है। पुलिस पकड़े गए दोनों तस्करों से पूछताछ कर रही है। वहीं, पुलिस इस गैंग की तलाश में बिहार भी जा सकती है। इससे पहले करीब एक साल पूर्व बांसगांव पुलिस ने कुछ नाबालिग व कुछ व्यक्तियों को नकली नोट चलाते हुए गिरफ्तार किया था।

# गोरखपुर के आरिफ ने आदित्य बनकर की शादी, दीं यातनाएं

## आगरा की होटल संचालिका से नाम बदलकर की दोस्ती, गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ/आगरा।** गोरखपुर निवासी युवक आरिफ हाशमी ने आदित्य आर्य बनकर आगरा के सदर क्षेत्र के एक बड़े परिवार की बहू एवं होटल की संचालिका से दोस्ती की। फोटो खींचे, ब्लैकमेल करके शारीरिक और आर्थिक उत्पीड़न किया। बाद में धमका कर शादी रचा ली।

जान से मारने की धमकी देकर रुपये ऐंठने लगा। हकीकत का पता चलने पर महिला ने विरोध किया तो जान लेने का प्रयास किया। पीड़िता पुलिस के पास पहुंची और मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

होटल संचालिका ने अपनी शिकायत में कहा है कि उसके पति की 2005 में मौत हो गई थी। उनकी बेटी और ससुर के नाम पर होटल है। दस साल पहले वह लखनऊ में एक पार्टी में शामिल होने गई थीं। वहां उनकी मुलाकात लखनऊ के राजाजीपुरम, निवासी एक युवक से हुई, जिसने अपना नाम आदित्य आर्य बताया था। कहा कि वह लखनऊ में वुड वर्ल्ड इंडिया फर्म के नाम से टिंबर का कारोबार करता है। प्रलोभन दिया कि साथ मिलकर व्यापार करेंगे। इसके बाद मेल-जोल बढ़ाकर घर आने लगा। महिला ने आरोप लगाया कि शारीरिक शोषण किया। उनसे रुपये भी लेने लगा। डरा-धमकाकर आर्य समाज मंदिर में शादी कर ली। बाद में पीड़िता को पता चला कि आदित्य आर्य का असली नाम आरिफ है। इस बारे में पूछने पर उत्पीड़न करने लगा। >> राणा सिंह बन पहले भी कर चुका है शादी : पेज 13

### गोरखपुर ग्रामीण से सपा का टिकट मांगा था


आरिफ

आरिफ हाशमी मूलरूप से गोरखपुर के तिवारीपुर का रहने वाला है। बसपा की सरकार में प्रदेश स्तर के एक बड़े अधिकारी से उसके करीबी ताल्लुकात थे। बसपा सरकार में उसका सचिवालय और पुलिस मुख्यालय में काफी रसूख था। अपनी राजनीतिक दखल को मजबूत करने के लिए आरिफ हाशमी ने सपा से गोरखपुर ग्रामीण विधान सभा से दावेदारी की थी। 2012 के चुनाव में वह सपा से अपने टिकट को लेकर काफी आश्वस्त था। लेकिन मुंबई के एक कारोबारी के सामने उसकी पकड़ कमजोर पड़ गई। टिकट नहीं मिल सका।

DEORIYA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 05-07-2021

राष्ट्रीय सहारा दि. 5/7/21

# कैरियर प्लानिंग सेल व वाचनालय का उद्घाटन

**देवरिया(एसएनबी)।** रविवार को एसपी डॉ. श्रीपति मिश्र की पत्नी एवं वामा सारथी अध्यक्ष श्रीमती कविता मिश्र ने पुलिस लाइन में वामा सारथी के अंतर्गत कैरियर प्लानिंग सेल/वाचनालय का उद्घाटन किया।



यहां उल्लेखनीय है कि विभिन्न परिक्षाओं की तैयारी करने वाले पुलिसकर्मियों एवं पुलिसकर्मियों के परिवारजनों के लिए कैरियर प्लानिंग सेल/वाचनालय प्रत्येक दिवस सायं 5 बजे से 7 बजे तक खुला रहेगा। इसके अतिरिक्त समय में भी आवश्यकतानुसार खुला रहेगा। यहां विभिन्न प्रकार की प्रतियोगी पुस्तकें उपलब्ध रहेंगी। सप्ताह के प्रत्येक दिवस पुलिस राजपत्रित अधिकारी द्वारा कैरियर प्लानिंग सेल/वाचनालय में बैठकर लोगों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के सम्बन्ध में मार्गदर्शित किया जायेगा। तत्पश्चात अध्यक्ष वामा सारथी द्वारा सचिव वामा सारथी, सदस्य वामा सारथी के साथ मनोरंजन कक्ष में वहां उपस्थित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाली महिला पुलिस कर्मियों तथा पुलिस परिवार के बच्चों के साथ गोष्ठी कर उन्हें अपना उज्ज्वल भविष्य बनाने हेतु पूर्ण ईमानदारी व लगन के साथ पढ़ाई करने एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में एक स्थान बनाने के उद्देश्य से तैयारी करने के सम्बन्ध में बताया गया। इसके पूर्व प्रतिसार निरीक्षक ने एसपी की पत्नी को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

इस अवसर पर श्रीमती मीनाक्षी सचिव वामा सारथी पत्नी राजेश कुमार सोनकर अपर पुलिस आीक्षक, श्रीमती सिनुजा त्रिपाठी सचिव वामा सारथी पत्नी श्रीयश त्रिपाठी क्षेत्राधिकारी नगर/लाइन, श्रीमती गंगा पाण्डेय सदस्य वामा सारथी पत्नी प्रकाश चन्द्र पाण्डेय प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन, महिला पुलिस कर्मी एवं पुलिस परिवार के प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी करने वाली छात्राएं उपस्थित रहीं।

हिन्दुस्तान दि 5/7/21

# निर्णय : आठ महिला बंदियों की हो सकती है रिहाई

देवरिया | अनुग्रह नारायण शाही

दहेज हत्या के मामले में सजा काट रही आठ महिला बंदियों की सजा मांफी के लिए जेल के अधिकारियों ने आलाधिकारियों को पत्र भेजा है। आने वाले दिनों में इन कैदियों की रिहाई के लिए शासन निर्णय ले सकता है।

जिला कारागार में देवरिया और कुशीनगर समेत अन्य जिलों के लगभग 1650 बंदी और कैदी हैं। महिला बंदियों में सबसे अधिक दहेज हत्या के मामले में आरोपित हैं। शासन ने पिछले दिनों सजायाफ्ता महिलाओं की सजा माफी का निर्णय लिया है। इसके लिए महिला कैदियों की रिहाई के लिए उनके बारे में जानकारी मांगी थी। दिशा निर्देश के अनुसार जिला कारागार में बंद महिला कैदियों में से आठ सजायाफ्ता महिला कैदियों के बारे में रिपोर्ट तैयार कर आलाधिकारियों को जानकारी दी गई है। उसमें देवरिया और कुशीनगर की चार-चार महिला बंदी हैं। रिपोर्ट के आधार पर शासन से महिला बंदियों को छोड़ने का निर्णय लिया जाएगा।

**जेल में चार वर्ष से ज्यादे की सजायाफ्ता की भेजी रिपोर्ट :** डीजी जेल

## राहत

- देवरिया और कुशीनगर की 4-4 बंदियों की सजा माफी के लिए जेल प्रशासन ने किया पत्राचार
- शासन ने जिला कारागार में सजायाफ्ता बंदियों की सजा मांफी की मांगी थी जानकारी

"जिला कारागार में देवरिया और कुशीनगर जिले की दर्जनों महिला बंदी और कैदी हैं। आठ महिला सजायाफ्ता कैदियों की सजामाफी के लिए आलाधिकारियों से पत्राचार किया गया है। सूची में चार देवरिया और चार कुशीनगर की रहने वाली महिलाएं हैं।

**-जितेन्द्र प्रताप तिवारी**
प्रभारी जेल अधीक्षक, देवरिया"

अवधि, स्वास्थ्य, उम्र और जेल में सजा काटने के दौरान उनके व्यवहार के बारे में जानकारी मांगी थी। जिला कारागार देवरिया में बंद महिला सजायाफ्ता कैदियों में केवल आठ ही मानक के अनुरुप मिली। जेल अधिकारियों ने महिला कैदी की उम्र, स्वास्थ्य, जेल में कैद के दौरान उनके व्यवहार और चाल-चलन के आधार पर रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेजा है।

हिन्दुस्तान दि. 5/7/14

# तीन लोगों पर दुष्कर्म समेत कई धाराओं में केस

**लार।** पुलिस ने एक युवक व उसके परिजनों पर दुष्कर्म समेत कई धाराओं में केस दर्ज किया है। युवती का आरोप है कि युवक शादी का झांसा देकर उसके साथ 4 वर्षों तक शारीरिक संबंध बनाता रहा। बाद में वह शादी से मुकर गया। इसकी जानकारी युवक के परिजनों को दी तो उन्होंने मारपीट किया। प्रभारी निरीक्षक लार प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया कि युवती के तहरीर के अधार पर अफसर अली, ताहिरा खातून व समशूल हक के विरुद्ध धारा केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपितों में से एक हिरासत में है।

# चार के विरुद्ध दर्ज हुआ मारपीट का केस

**देवरिया।** चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। रामगुलाम टोला मोहल्ला के रहने वाले सुभाष वर्मा पुत्र इन्दर वर्मा के भतीजे को रास्ते में घेर कर कुछ लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर राज रावत पुत्र सुरेश रावत, निर्मला रावत पत्नी सुरेश रावत और कोमल रावत पुत्री सुरेश के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

# पूर्व सभासद को धमकी देने पर केस

**देवरिया।** कोतवाली क्षेत्र के देवरिया खास मोहल्ला के रहने वाले गजेन्द्र मणि त्रिपाठी पुत्र अवधेश मणि त्रिपाठी पूर्व सभासद हैं। उनकी भुजौली स्थित भूमि पर कुछ लोगों ने बाउंड्रीवाल को तोड़ दिया। जिसकी जानकारी होने पर उन्होंने शिकायत किया तो हमलावरों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दिया। पीड़ित ने घटना की तहरीर सदर कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने विजय शंकर, गुलाब, प्रभूनाथ, रमाकांत, चौधरी पुत्रगण हनुमान और कृष्णमोहन पुत्र गुलाब निवासी भुजौली थाना सदर कोतवाली के विरुद्ध धारा 147,427 और 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# कॅरियर प्लानिंग सेल का हुआ उद्घाटन

**देवरिया।** पुलिस लाइन में हिरियर प्लानिंग सेल, वाचनालय का उद्घाटन एसपी की पत्नी व वामासारथी की अध्यक्ष कविता मिश्र ने किया। विभिन्न परिक्षाओं की तैयारी करने वाले पुलिसकर्मियों एवं उनके परिजनों लिए कैरियर प्लानिंग सेल,वाचनालय प्रत्येक दिन शाम पांच बजे से सात बजे तक खुला रहेगा। सप्ताह के प्रत्येक दिवस पुलिस राजपत्रित अधिकारी द्वारा कॅरियर प्लानिंग सेल, वाचनालय में बैठकर लोगों की प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी के लिए मार्ग दर्शन करेंगे। इस दौरान श्रीमती मीनाक्षी सचिव वामा सारथी, श्रीमती सिन्धुजा त्रिपाठी सचिव वामा सारथी, श्रीमती गंगा पाण्डेय सदस्य वामा सारथी, महिला पुलिस कर्मी एवं पुलिस परिवार के प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी करने वाली छात्राएं उपस्थित रहीं।

हिन्दुस्तान दि. 5/7/17

# सामान के साथ चोर को पकड़ा

**भाटपाररानी।** कुछ दिनों पूर्व विद्यालय में चोरी करने वाले चोर को खामपार पुलिस ने दबोच लिया। पुलिस ने सामान को बरामद कर लिया। पुलिस ने चोरी की घटना का केस दर्ज चालान कर दिया।

खामपार थाना क्षेत्र के टड़वा गांव के रहने वाले अजय कुशवाहा पुत्र बंका कुशवाहा का विरमापट्टी में निर्माणाधीन विद्यालय है। जहां पर 28 जून को चोरों ने एक कमरे का तारला तोड़ कर सामान चुरा ले गए। पीड़ित की तहरीर पर खामपार पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। मुखबीर ने सूचना दिया कि स्कूल में चोरी करने वाला चोर भिंगारी बाजार तिराहे पर खड़ा है। पुलिस ने चौराहे से चोर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम नूर मोहम्मद पुत्र ईश मोहम्मद निवासी लामी चैर थाना भोरे

# लोगों ने चोर को रंगे हाथ पकड़ पुलिस को सौंपा

देवरिया | **निज संवाददाता**

**शिकंजा**

- सदर कोतवाली क्षेत्र के सिंधी मिल कॉलोनी की है घटना
- चोर के पास से दुकान से चोरी हुआ सामान बरामद

मोबाइल के दुकान में चोरी करते हुए एक चोर को लोगों ने पकड़कर कोतवाली पुलिस को सौंप दिया। पुलिस को चोर के पास से चोरी का मोबाइल और नुकीली सरिया बरामद हुई है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के सिंधी मिल कालोनी के रहने वाले पंकज प्रताप राव पुत्र योगेन्द्र प्रताप राव की सोमनाथ मंदिर के समीप मोबाइल की दुकान है। रविवार को लॉकडाउन के चलते दुकान बंद थी। सुबह एक चोर दुकान का शटर में लगा ताला तोड़ कर दुकान में घुस गया। ताला टूटा देख कर पड़ोसी दुकानदार को फोन कर दुकान खुला होने की सूचना दिया। दुकानदार कुछ लोगों के साथ दुकान पर पहुंचे तो शटर नीचे तक गिरा हुआ था। अंदर किसी की आहट मिली। कुछ देर बाद चोर सामान लेकर बाहर निकला तो पास में मौजूद लोगों ने उसे दबोच लिया। लोगों ने इसकी सूचना सदर कोतवाली पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस को लोगों ने चोर को सौंप दिया। चोर के पास से चोरी का मोबाइल समेत अन्य सामान बरामद हुआ। पीड़ित ने घटना की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने पंकज की तहरीर पर हसनैन पुत्र शौकत निवासी भुजौली कालोनी थाना सदर कोतवाली के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया।

हिन्दुस्तान 5/5/21

# प्रतियोगिता की तैयारी करने वाले पुलिसकर्मियों की लगेंगी कक्षाएं



पुलिस लाइन में करियर प्लानिंग सेल, वाचनालय का लोकार्पण करतीं वामा सारथी की अध्यक्ष कविता मिश्रा दाएं • जागरण

जासं, देवरिया : पुलिस लाइन में रविवार को वामा सारथी के तहत करियर प्लानिंग सेल का शुभारंभ हो गया। उद्घाटन पुलिस अधीक्षक डा. श्रीपति मिश्र की पत्नी व वामा सारथी की अध्यक्ष कविता मिश्रा ने फीता काटकर किया।

उन्होंने कहा कि इस करियर प्लानिंग सेल में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा के संबंधित किताबें व अन्य सामग्री होंगी। यह सेल शाम को पांच बजे से सात बजे तक खुला रहेगा। इसमें प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे पुलिसकर्मियों व उनके परिवार के बच्चे ही हिस्सा ले सकेंगे। हर दिन दो घंटे किसी पुलिस अधिकारी की तैनाती रहेगी, जो परीक्षा की तैयारी कर रहे लोगों को तैयारी करने में मदद करेंगे। उनकी क्लास भी लेंगे। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले पुलिसकर्मियों को जानकारी भी दी। मीनाक्षी देवी, सिंधुजा त्रिपाठी, गंगा पांडेय, प्रकाश चंद्र पांडेय समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

दैनिक जागरण दि. 5/7/21

# गैर जेल भेजे जाएंगे जिला जेल में बंद गैंगस्टर समेत दो बंदी

**तैयारी**

- बंदियों के बैरक में मोबाइल से बात करने का वीडियो हुआ था वायरल
- जेल प्रशासन ने प्रशासनिक स्तर पर बंदियों के गैर जेल स्थानांतरण को भेजा है रिपोर्ट

जागरण संवाददाता, देवरिया : जिला कारागार में बंदियों के मोबाइल पर बातचीत करने का वीडियो वायरल होने के बाद जेल की हर गतिविधि पर प्रशासनिक अधिकारियों की नजर है। मोबाइल पर बात करने वाले व वीडियो वायरल करने वाले दोनों बंदियों को गैर जेल भेजने के लिए जेल प्रशासन ने उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजी है।

12 दिन पूर्व जेल की एक बैरक के चार बंदियों की बातचीत का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर 31 सेकेंड का वायरल हो गया। वीडियो में एक बंदी मोबाइल पर बात करते हुए नजर आ रहा है। इस वीडियो के वायरल होने के बाद जेल प्रशासन ने बैरक संख्या 17 की तलाशी ली। मोबाइल पर बात करने वाले बंदी रतन यादव व वीडियो वायरल करने वाले गैंगस्टर शिट्टू के पास से एक-एक मोबाइल बरामद किया गया। इस मामले में दोषी पाए जाने पर बंदी रक्षक रामवृक्ष, दिनेश कुमार वर्मा व



गया है। अब जेल प्रशासन रतन यादव व गैंगस्टर शिट्टू को गैर जेल भेजने के लिए रिपोर्ट शासन को भेजा है। इसकी तैयारी भी तेजी से की जा रही है। उधर जेलर, डिप्टी जेलर को भी इस मामले में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। माना जा रहा है कि इस मामले में कुछ और जेल कर्मियों पर भी कार्रवाई की गाज गिर सकती है। जेलर जेपी त्रिपाठी ने कहा कि गैर जेल भेजने के लिए रिपोर्ट भेजी

अमर उजाला दि० 5/7/19

# चोरी का मुकदमा दर्ज

**देवरिया।** सदर कोतवाली के सोमनाथ मंदिर मोहल्ला निवासी पंकज कुमार ने रविवार को मुकदमा दर्ज कराया है। कहा है कि उनकी मोबाइल फोन की दुकान का ताला तोड़कर एक व्यक्ति ने मोबाइल फोन चुरा लिया है। पुलिस ने इस मामले में एक नामजद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। संवाद

# मारपीट का केस दर्ज

**देवरिया।** शहर के राम गुलाम टोला निवासी सुभाष वर्मा ने चार लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि इन लोगों ने उनके भतीजे को बाजार जाते समय पिटाई कर दी है। संवाद

अमर उजाला दि. 5/11/21

# कॅरियर प्लानिंग के लिए वरदान साबित होगा वाचनालय: कविता

संवाद न्यूज एजेंसी

## परीक्षाओं की तैयारी करने वालों को मिलेगी मदद

**देवरिया।** एसपी डा.श्रीपति मिश्र की पत्नी व वामा सारथी (पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन) की अध्यक्ष कविता मिश्र ने पुलिस लाइन में कॅरियर प्लानिंग सेल/वाचनालय का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी करने वाले पुलिसकर्मियों एवं पुलिसकर्मियों के परिवारीजनों के लिए वाचनालय स्थापित किया गया है। इसका फायदा पुलिसकर्मी अपना भविष्य संवारंने के लिए कर सकते हैं।

रविवार को उद्घाटन समारोह में बताया कि हर रोज शाम को पांच बजे से सात बजे तक खुला रहेगा। अगर जरूरत तो अतिरिक्त समय में भी आवश्यकतानुसार खुला रहेगा। जिसमें विभिन्न प्रकार के प्रतियोगी पुस्तकें उपलब्ध रहेंगी। यहां पर पुलिस अधिकारी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के बारे में मार्ग दर्शन करेंगे। इसको लेकर वामा सारथियों के साथ मनोरंजन कक्ष में बैठक भी की गई। वहां उपस्थित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाली महिला पुलिस कर्मियों तथा पुलिस परिवार के बच्चों के साथ विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर सचिव मीनाक्षी, सीओ सदर की पत्नी सिंधुजा त्रिपाठी, प्रतिसार निरीक्षक की पत्नी गंगा पांडेय आदि मौजूद रही।

अमर उजाला दि. 5/7/21

# मोहल्ले में टहलते किशोर को पुलिस ले गई कोतवाली

**सलेमपुर।** घर से टहलने निकले किशोर का उसके परिवार के लोग पूरी रात खोजबीन में जुटे रहे। सुबह कोतवाली में अपहरण की सूचना देने पहुंचे तो पता चला कि उसे पुलिस ने ही बैठाया है।

शनिवार की रात तकरीबन 9 बजे नगर के वार्ड नंबर 5 हरैया निवासी मिठाईलाल रौनियार का बेटा मुन्ना रौनियार (16) भोजन के बाद टहलने निकला था। देर रात तक वह घर नहीं पहुंचा, तो परिवार के लोग परेशान हो गए। पूरी रात खोजबीन के बाद रविवार की सुबह मिठाईलाल कोतवाली पहुंचे। अपहरण की तहरीर दी तो एक दीवान भड़क उठा और किशोर को कोतवाली में बैठाने की बात कही। परिवार के लोगों का आरोप है कि किशोर को सुपुर्द करने के लिए उसने पैसे लिए। कोतवाल नवीन कुमार मिश्र ने बताया कि गश्त के दौरान किशोर अकेले सड़क किनारे बात करता मिला था। संदेह होने पर पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर कोतवाली में बैठाई थी। सुबह उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है। दीवान पर लगाए जा रहे आरोप निराधार हैं। संवाद

# KUSHINAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 05-07-2021

# वन महोत्सवः जगह-जगह हुए पौधरोपण

**खड्डा (एसएनबी)।** खड्डा उपनगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में वन महोत्सव के उपलक्ष्य में रविवार को पौधरोपण किया गया। खड्डा थाना परिसर में पुलिसकर्मियों व वनकर्मियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। खड्डा थाना परिसर में रविवार को प्रभारी निरीक्षक आरके यादव के नेतृत्व में आम, नीम, पीपल, सागौन आदि के पौधे लगाये गये। इस दौरान वन

## खड्डा थाना व तहसील में हुआ पौधरोपण

क्षेत्राधिकारी वीके यादव, उपनिरीक्षक रमाशंकर यादव, राजेश गौतम, का. अमरजीत यादव, महिला सिपाही प्रसुन सिंह आदि मौजूद रहीं। विधायक जटाशंकर त्रिपाठी ने पनियहवा पुल पर पौधरोपण किया। माँ नारायणी सामाजिक कुंभ स्थल पर संयोजक मनोज कुमार पांडेय, विजय तुलस्यान, रोशनलाल भारती, प्रभाकर पाण्डेय, नरेन्द्र चौरसिया, आनन्द तिवारी, मनीष शर्मा, सुनील यादव, विजय गुप्ता, जनार्दन यादव, संदीप भारती आदि मौजूद रहे। इसी तरह तहसील परिसर में नायब तहसीलदार रवि यादव ने पौधरोपण किया। इस दौरान भाजपा आईटी कुशवाहा, बहोरछपरा में प्रधान संग्राम सिंह यादव, शिवपुर में आनंद कुशवाहा, जखिनिया में अभिषेक सिंह, भजनछपरा में अनील चौधरी, रामपुर गोनहा में अवनीन्द्र गुप्ता, मठिया में संतोष यादव, एकडंगी में




सेल के सह जिला संयोजक आनंद सिंह मौजूद रहे। रामपुर जंगल में संजय चौहान, सोहरौना में प्रधान प्रतिनिधि सुनील प्रजापति, बसडीला में प्रधान ओमप्रकाश राजकुमार साहनी, बोधीछपरा में लोकनाथ, तुर्कहा में केदार यादव, फटकदौना में श्रवण कुशवाहा, कुनेलीपट्टी में सीमा यादव, खुशपाल यादव आदि ने पौधरोपण किया।

# हम अपने आस-पास कम से कम एक पौधा अवश्य लगाये: सचिन्द्र पटेल



## कुशीनगर पुलिस द्वारा किया गया वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम

**सुरेंद्र नाथ द्विवेदी**



कुशीनगर। आज के दिन में पेड़-पौधों की सख्या निरन्तर घटती जा रही है। इसके दुष्परिणाम भी हम सबके सामने दिखाई दे रहा है। तो इससे बचने के लिये अधिक से अधिक पेड़-पौधे हम सबको लगाने,और पौधारोपण के लिये आगे आने की आवश्यक्ता है। यह हम सभी के सहभगिता के साथ लोगो को जागरूक करने पर ही संभव है।

जनपद कुशीनगर पुलिस द्वारा वृक्षारोपड़ कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए आज पुलिस लाईन परिसर में पुलिस अधीक्षक कुशीनगर सचिन्द्र पटेल द्वारा पुलिस लाईन कुशीनगर में वृक्षारोपण किया गया। पुलिस लाईन परिसर में लगभग 2100 से अधिक की संख्या में जैसे- आम, नीम, सगौन, आवंला, नीबू, पीपल आदि वृक्षो का वृक्षारोपड़ किया गया। इसी प्रकार जनपद के सभी थानों पर इस अभियान की शुरुआत की गयी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सचिन्द्र पटेल ने सभी पुलिस कर्मियों से अनुरोध किया कि वे अपने आस-पास कम से कम एक पौधा अवश्य लगाये और उसकी देखभाल भी करे। इस दौरान पुलिस कर्मियों द्वारा भी काफी संख्या में वृक्ष लगाए गए, इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक कुशीनगर के निर्देशानुसार जनपद के समस्त थाना, चौकी, अग्निशमन परिसर में प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया तथा साथ ही साथ परिसर की साफ-सफाई की गई।

वृक्षा रोपड़ अभियान के तहत सभी क्षेत्राधिकारी ,प्रभारी निरीक्षक ,थानाध्यक्ष को निर्देशित किया गया कि वे अपने –अपने थोनों, चौकियों व कार्यालयों पर योजना बध्द तरीके से ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपड़ कराये ताकि पर्यावरण की सुरक्षा की जा सके। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। साथ ही पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिये आम जन को जागरूक करने की आवश्यकता है।

# युवक ने लहराया असलहा थाने पहुंचा मामला

कसया | **हिन्दुस्तान संवाद**

बुद्ध मंदिर मार्ग स्थित चाइना मंदिर के सामने एक स्थान पर प्रापर्टी का कारोबार करने वाले दो पक्षों के बीच पंचायत के दौरान एक पक्ष के युवक ने असलहा लहराना शुरू कर दिया। यह तब हुआ जब पंचायत के दौरान लेकर कहासुनी शुरू हुई। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों के लोगों को थाने लाई और पिस्टल को कब्जे में ले लिया।

एसएचओ अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि गोरखपुर व तरकुलहा के प्रापर्टी व्यवसाय करने वाले लोग अपने बीच व्यवसाय से संबंधित मामले को लेकर एक साथ बैठकर पंचायत कर रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर गोरखपुर के प्रापर्टी कारोबारी के साथ एक लाइसेंसी पिस्टल वाले ने पिस्टल निकालकर लहराना शुरू कर दिया। पंचायत में मौजूद लोगों ने धैर्य से काम लिया और  इसका विरोध करते हुए पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने ले आई हैं। जहां खबर लिखे जाने तक विवाद सुलझाने के लिए दोनों पक्षों के लोग बैठकर बातचीत कर रहे थे। इस संबंध में सीओ पीयूष कांत राय ने बताया कि मामला संज्ञान में है। कार्रवाई हो रही है।



पुलिस लाइन में पौधारोपण करते एसपी सचिंद्र पटेल ● जागरण

# महिला सुरक्षा के लिए अभियान चलाएगी पुलिस

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** महिला सुरक्षा को लेकर कुशीनगर पुलिस कुछ नया करने जा रही है। मिशन शक्ति के तहत महिला पुलिसकर्मी अब क्षेत्र भ्रमण कर छात्राओं, महिलाओं से संपर्क कर जहां उनकी समस्याएं पूछेंगी वहीं मौके पर ही समाधान कराने का प्रयास करेंगी। इसके अलावा महिलाओं को उनके हक व कानून के प्रति जागरूक कर उन्हें विभिन्न हेल्प लाइन नंबरों की भी जानकारी देंगी, ताकि जरूरत पर वह इसकी मदद ले सकें।

पुलिस अधिकारियों ने जिले व थाने स्तर पर गठित महिला हेल्प डेस्क में तैनात पुलिसकर्मियों को महिला सुरक्षा को लेकर और भी सक्रियता बरतने का निर्देश दिया है। कहा है कि वे अनिवार्य रूप से क्षेत्र भ्रमण कर छात्राओं व महिलाओं से संपर्क करें, उनकी समस्याओं को सुनें और त्वरित समाधान के लिए जरूरी कदम उठाएं। अगर मामला जटिल है तो इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दें। जिससे कि इस दिशा में आवश्यक कदम उठाए जा सके। जिससे महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़े और वह निडर होकर अपना कार्य कर सकें। छात्राओं-महिलाओं को विधिक जानकारी दें। साथ ही महिला संबंधी अपराधों में पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्रवाई, पुलिस की कार्य-प्रणाली तथा थाने में महिलाओं को लेकर उठाए गए कदम की भी जानकारी दें। उन्हें बताएं कि पुलिस कार्यालय के अलावा जनपद के सभी थानों में महिलाओं की सुनवाई के लिए महिला हेल्प डेस्क का गठन किया गया है,जहां सुनवाई के लिए महिला पुलिसकर्मी तैनात हैं।

## मिशन शक्ति

- **छात्राओं व महिलाओं का बढ़ेगा आत्मविश्वास**
- **महिलाओं की समस्याओं के समाधान को उठाएं त्वरित कदम**

### इन हेल्प लाइन नंबरों की भी दी जाएगी जानकारी

1076, 1090, 1098, 181, 112, 102 व 108 नंबर पर फोन करने से किस प्रकार की सेवा मिलेगी इसकी भी जानकारी दी जाएगी।



महिला हेल्प डेस्क में तैनात पुलिसकर्मी अब क्षेत्र भ्रमण कर सुरक्षा के प्रति छात्राओं-महिलाओं को जागरूक करेंगी। एडीजी जोन के निर्देश पर इसकी शुरूआत कर दी गई है। महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस तत्पर है। महिलाओं की सहूलियत के लिए सभी थानों पर महिला हेल्प डेस्क बनाया गया है। जिसमें महिला पुलिसकर्मी तैनात हैं। **एपी सिंह**, एसपी

# छापामारी कर पुलिस ने बंद कराया बूचड़खाना



पतया गांव में बूचड़खाने पर छापेमारी करते सीओ पीयूष कांत राय दाएं से दूसरे। जागरण

**जासं, गोवरही,कुशीनगर :** कसया थाना क्षेत्र के गांव पतया में अवैध रूप से चल रहा बूचड़खाना बंद कराते हुए मांस की बिक्री रोकने की हिदायत दी। रविवार को सीओ कसया पीयूष कांत राय व थानाध्यक्ष अखिलेश सिंह के नेतृत्व में गांव में छापामारी की।

पुलिस ने ग्रामीणों को चेताया कि अगर गांव में पशु काटे गए तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों के एक समूह ने उच्चाधिकारियों को पत्रक देकर इसे बंद कराने की मांग की थी। पुलिस ने सभी बूचड़खाने को बंद करा दिया है। एसआइ राकेश यादव, विकास यादव, चंद्रशेखर, राजेश सिंह, अरविंद सिंह आदि मौजूद रहे।



पुलिस लाइंस में पौधरोपण करते एसपी। संवाद न्यूज एजेंसी

# MAHARAJ GANJ POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 05-07-2021

# पारिवारिक मामलों का निस्तारण हुआ

महराजगंज | हिन्दुस्तान टीम

रविवार को कई सर्किल में परिवार परामर्श केन्द्र चलाए गए। इस दौरान पारिवारिक मामलों का निस्तारण किया गया। सुलह-समझौते के आधार पर कई जोड़े एक साथ विदा किए गए।

**परामर्श केंद्र में चार मामले का निस्तारण : फरेन्दा।** थाना परिसर में रविवार को परिवार परामर्श केन्द्र में चार मामले में आए। जिसका आपसी सहमति के आधार पर निस्तारित किया गया। परामर्श समिति में एक दर्जन मामले आए थे। जिसमें चार जोड़ों का सुलह कराकर उन्हे घर भेजा गया। सीओ फरेंदा ने महिलाओं के साथ आए बच्चों को मिठाई खिलाया। पति पत्नी के विवाद को हल करके आपस में एक दूसरे को फूल माला डालकर खुशी-खुशी घर को रवाना किया गया। फरेंदा सर्किल के सभी थानाक्षेत्रों में पति-पत्नी का विवाद व अन्य पारिवारिक विवादों के निस्तारण के लिए प्रत्येक रविवार को पुलिस परामर्श केन्द्र का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को सीओ फरेन्दा सुनील दत्त दूबे के अलावा समिति में स्वर्ण प्रभा पीजी कालेज की दीपमाला, सेवा निवृत्त निरीक्षक बलराम मिश्रा व थाना प्रभारी गिरिजेश उपाध्याय, उप निरीक्षक तुलसीराम समेत अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

निचलौल थाना परिसर में रविवार को सर्किल स्तरीय परिवार परामर्श केन्द्र शुरू हुआ। इस दिन ग्राम अमड़ा उर्फ झुलनीपुर के बिछड़े हुए एक दम्पत्ति को एक साथ जीवन यापन करने के लिए दोनों पक्षों को समझा बुझाकर एक रास्ते पर लाया गया। परिवार परामर्श केन्द्र की टीम में सेवानिवृत्त सीडीओ डॉ. दिनेश सिंह, मनु लॉ कॉलेज के उप प्राचार्य डॉ. रुद्रेश कुमार, समाजसेवी रामहर्ष शर्मा, एस ओ निर्भय सिंह, महिला चौकी प्रभारी प्रियंका मौर्या व एस आई राजेन्द्र सिंह शामिल रहे। टीम ने दंपति की अलग-अलग कॉउंसिलिंग की। जिगनहवां मोहल्ला नगर पंचायत निचलौल व बरोहिया गॉव के दो मामलों में परिवार के सदस्यों के बीच उपजे विवाद के बिंदुओं को टीम के सदस्यों ने सुना और सहमति न बन पाने पर अगले रविवार को इन दोनों विवादों के सुलझाने के लिए सहमति बनाई। एस आई मदन मोहन मिश्र, लल्लन यादव, राहुल आदि मौजूद रहे।

## महिला परामर्श केंद्र में नहीं पहुंचे जिम्मेदार

**नौतनवा।** नौतनवा थाना परिसर में महिला परामर्श केन्द्र में रविवार को कुर्सियां खाली रहीं। फरियाद लेकर पीड़ित महिलाएं भी पहुंची, लेकिन जिम्मेदारों के न रहने से वापस लौट गई। एसओ राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि अभी इस परामर्श केंद्र का और प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए हर स्तर से प्रयास किए जा रहे हैं। जरूरत पड़ने पर सभी लोग हर वक्त मौजूद हैं।

# सोनौली पुलिस ने युवक को किया गिरफ्तार

**सोनौली।** भारत-नेपाल सीमा सोनौली के पगडंडी श्याम काट बगीचे के पास सोनौली पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को गिरफ्तार किया। उसके पास से नशे के लिए इस्तेमाल होने वाली दवा बरामद हुई।

शनिवार की रात सोनौली पुलिस सरहद के पगडंडियों पर गश्त कर रही थी। इस दौरान एक युवक झोला लेकर भारत से नेपाल जाते समय देखा गया जिसे सिपाहियों ने रुकने का इशारा किया तो वह भागने का प्रयास किया, जिस पर पुलिसकर्मियों ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। जांच में युवक के पास से 55 शीशी सिरप बरामद हुई। पूछताछ में युवक में अपना नाम सुरेश कुमार निवासी वार्ड नंबर 10 जानकीनगर सोनौली बताया। आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया। कार्रवाई की पुष्टि प्रभारी निरीक्षक सोनौली दिनेश कुमार तिवारी ने की। *संवाद*

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 05-07-2021



वन विहार के पास औसापुर गांव में पौधरोपण करती प्रमुख सचिव बीना कुमारी मीना व साथ में मौजूद अधिकारी। • हिन्दुस्तान



औसापुर में पौधरोपण करते एसपी आशीष श्रीवास्तव। • हिन्दुस्तान

# लूटकांड के इनामी वांछित को पुलिस ने दबोचा

## शिकंजा

**बस्ती | निज संवाददाता**

जिले के लालगंज थाना क्षेत्र में महसो स्थित देशी शराब की दुकान से बीस जून को 1.98 लाख लूटकांड में शमिल चौथे और आखिरी इनामिया बदमाश को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष रोहित कुमार उपाध्याय ने बताया कि थाना क्षेत्र के दबिला घाट के पास से मुखबिर की सूचना पर आरोपी नीरज गुप्ता निवासी जमरांव (महसो) थाना लालगंज को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके कब्जे से 7.65 एमएम (.32 बोर) की पिस्टल व कारतूस के साथ लूट की रकम का 47 हजार 500 रुपया बरामद किया गया है। लूटकांड



लालगंज पुलिस की गिरफ्त में महसो लूटकांड का इनामी वांछित।

में अब तक कुल बरामदगी 1 लाख 27 हजार पांच सौ रुपये की हो चुकी है।

एक जुलाई की भोर में लूटकांड में शामिल तीन बदमाशों के साथ पुलिस की मुठभेड़ हो गई थी। इसमें एंटी नारकोटिक्स टीम के सिपाही रमेश कुमार गुप्ता घायल हुए थे, जबकि जवाबी कार्यवाही में भाग रहे दो बदमाशों के पैर में पुलिस की गोली लगी थी। घायल बदमाश दीपक चौधरी उर्फ रामू उर्फ प्रदीप निवासी लकड़ा थाना लालगंज और चन्दन निषाद निवासी गोनार थाना लालगंज को गिरफ्तार किया गया था। फरार नफीस खान को देईसाड़-बानपुर मार्ग से कट्टा-कारतूस व लूट के 21 हजार पांच सौ रुपये के साथ पकड़ लिया था। चौथे आरोपी नीरज पर 25 हजार का इनाम घोषित किया था। धरपकड़ करने वाली टीम में एसओ रोहित कुमार उपाध्याय के साथ रखौना चौकी प्रभारी ओमप्रकाश मिश्र, एसआई विनय प्रताप सिंह, कांस्टेबल कमलेश कुमार, पंकज कुमार सिंह, अजय कुमार यादव व निर्भय नारायन शामिल रहे।

## कामयाबी

- महसो स्थित शराब की दुकान पर बीस जून को हुई थी लूट
- बदमाश के पास से लूट के 47 हजार पांच सौ रुपये बरामद
- तीन अन्य को गिरफ्तार कर बरामद हुए थे 80 हजार
- 1.98 लाख की लूट में कुल 1.27 लाख हो चुका है बरामद

लूट

शिक

बस्ती | निज

जिले के लाल
स्थित देशी श
को 1.98 ल
चौथे और आ
भी पुलिस ने
थानाध्यक्ष रो
बताया कि थ
पास से मुख
नीरज गुप्ता नि
थाना लालगं
गया। उसके
(.32 बोर)
साथ लूट की
रुपया बराम

# आपत्तिजनक पोस्ट डालने वाले पर केस

**बस्ती।** दुबौलिया पुलिस ने फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने वाले व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इसी थाने के ऊंजी निवासी बब्लू सिंह ने तहरीर में बताया है कि उनकी छवि को नुकसान पहुंचाने व जाति विशेष को अपमानित करने के मकसद से एक व्यक्ति ने फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट तेरह जून की शाम करीब चार बजे पोस्ट किया है।

# जुआ खेल रहे तीन लोग पकड़े गए

**बस्ती।** पुरानी बस्ती पुलिस ने पॉलीटेक्निक के बीच स्थित मजार के पास से जुआ खेलते तीन लोगों को पकड़ा है। मौके से ताश के पत्ते व 1670 रुपये बरामद किए गए हैं। थाना प्रभारी ब्रजेन्द्र सिंह ने बताया कि जुआ खेलते मिले सुरेश, अनीस कुमार व राकेश के खिलाफ 13 जुआ अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

# पुलिस ने मजदूर की खोयी साइकिल दिलाई

**घघौवा।** एक सप्ताह पूर्व विक्रमजोत बाजार में खरीददारी करने गये रमघटिया के रामकुमार यादव की साइकिल गायब हो गयी। सूचना दिए जाने पर रामकुमार को दूसरे की बाइक से घर भिजवाने के साथ ही चौकी इंचार्ज मनीष जायसवाल ने तलाश शुरू कर दी। कांस्टेबल की मदद से साइकिल सीएचसी विक्रमजोत के गेट के पास से बरामद कर ली गई।

# चोरी की ट्रॉली समेत पुलिस ने दो आरोपित को दबोचा

**पैकोलिया।** पैकोलिया पुलिस ने ट्राली चोरी के मामले में श्री प्रकाश उर्फ लद्दार निवासी पिरल व मनीष सिंह निवासी पैकोलिया को मुखबीर की सूचना पर एसआई रमेश यादव, राजेश कुमार दुबे, एचसी विपिन कुमार भट्ट, कांस्टेबल राजू गौड़, धर्मपाल यादव, अभिषेक सिंह ने गिरफ्तार कर लिया। दोनों की निशानदेही पर चोरी की ट्राली भी बरामद कर ली गई। ट्राली गिरीश चंद्र निवासी बावर पारा के खलिहान से 22 जून की रात चोरी हो गई थी।

# लॉकडाउन उल्लंघन में दो दुकानदारों पर केस

**छावनी।** साप्ताहिक बंदी का उल्लंघन करने के आरोप में छावनी पुलिस ने दो दुकानदारों पर केस दर्ज किया है। विक्रमजोत कस्बे में चले अभियान के दौरान दुकानदार संतोष कुमार व अयोध्या प्रसाद लॉकडाउन का उल्लंघन करते पाए गए। चेकिंग करने वाली टीम में थानाध्यक्ष छावनी आलोक कुमार श्रीवास्तव, दारोगा मनीष कुमार शामिल रहे।

# आपत्तिजनक पोस्ट पर केस

**बस्ती :** दुबौलिया पुलिस ने फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने वाले व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थानाक्षेत्र के ऊंजी निवासी बब्लू सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उनकी छवि को नुकसान पहुंचाने व जाति विशेष को अपमानित करने के मकसद से एक व्यक्ति ने फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट किया है।

# लूटकांड का चौथा आरोपित पिस्टल के साथ पकड़ा गया

## लालगंज के दबिला घाट से हुई आरोपित की गिरफ्तारी

**जासं,बस्ती :** लालगंज के महसों में देसी शराब की दुकान से 20 जून को 1.98 लाख रुपये लूटने की घटना में आरोपित चौथे बदमाश को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह 25 हजार का इनामी है।

थाना प्रभारी रोहित कुमार उपाध्याय ने बताया कि थाना क्षेत्र के दबिला घाट के पास से मुखबिर की सूचना पर आरोपित नीरज गुप्ता निवासी जमरांव (महसो) को गिरफ्तार किया गया। 32 बोर की पिस्टल व कारतूस के साथ लूट की रकम का 47 हजार 500 रुपये बरामद किया गया है।


तालगंज थाने में पकड़ा गया लूट का आरोपित नीरज गुप्ता • सौ.पुलिस विभाग

लालगंज थाना क्षेत्र के महसों राजा मैदान के पास पिकौरा हरदिया निवासी रामअवध की सरकारी देसी शराब की दुकान है। गत 20 जून को दुकान पर मुंशी रामदयाल निवासी संतकबीरनगर व पुरानी बस्ती निवासी सुनील कुमार थे। रात में दोनों दुकान बंद कर खाना बनाकर खाने के बाद आराम कर रहे थे। इस बीच कमरे में घुसे बदमाशों ने मुंशी को तमंचा सटा दिया था और गल्ले में बिक्री का रखा 1.98 लाख रुपये लूट लिया था।

बीते एक जुलाई को भोर में लूटकांड में आरोपित तीन बदमाशों को मुठभेड़ में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए बदमाशों में दीपक चौधरी उर्फ रामू उर्फ प्रदीप निवासी लकड़ा,लालगंज और चंदन निषाद निवासी गोनार,लालगंज को गिरफ्तार कर लिया था। बाद में तीसरा बदमाश नफीस भी पुलिस के हत्थे चढ़ गया था।

# मारपीट के मामले में 18 लोगों पर मुकदमा

**जासं,बस्ती:** वाल्टरगंज पुलिस ने मारपीट के मामले में 18 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सोनौरा पाठक निवासी उत्तम का आरोप है कि चमरहिया गांव निवासी दीपक, सर्वेश व सुनील ने गौरा चौराहे पर उन्हें व उनके पिता को मारपीट कर पैसा छीन लिया। दूसरे पक्ष के सुनील कुमार का आरोप है कि सोनौरा पाठक गांव में उत्तम, दयानंद व 10-15 अज्ञात लोगों ने एक राय होकर मारा पीटा और अपशब्द कहे। जानमाल की धमकी देते हुए पैसे व अंगुठी छीन ली। सिर में चोट लगने से वो बेहोश होकर गिर गए। दोनों पक्ष एक ही गांव के हैं। पुलिस ने दोनों पक्ष की ओर से दी गई तहरीर के आधार मारपीट, लूट व अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

# ट्राली चोर चढ़े पुलिस के हत्थे

**जासं,पैकोलिया,बभनान:** थानाक्षेत्र के बावर पारा गांव से तेरह दिन पहले चोरी हुई प्रेशर ट्राली के साथ रविवार सुबह पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया । गांव निवासी गिरीश चंद की प्रेशर ट्राली 21 जून की रात चोरी हो गई थी।

पुलिस ने पीड़ित की दी गई तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ ट्राली चोरी का मुकदमा दर्ज किया था। थानाध्यक्ष पैकोलिया धर्मेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि थाने के उपनिरीक्षक रमेश यादव व राजेश कुमार दुबे हमराहियों के साथ अपराधियों की तलाश में हरैया-बभनान मार्ग पर गश्त कर रहे थे। मुखबिर की सूचना पर बभनान से पचपेड़वा जाने वाले मोड़ के पास से चोरी की ट्राली बरामद कर दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया। यह हैं थानाक्षेत्र के पिरैला गांव निवासी श्रीप्रकाश उर्फ लद्दर और पैकोलिया गांव निवासी मनीष कुमार सिंह।

## चरस के साथ एक गिरफ्तार

**गौरा :** कप्तानगंज पुलिस ने एक युवक को 290 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह मय टीम रविवार को में 3 .45 बजे थानाक्षेत्र के चौखड़ा के मोड़ से नगर थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव निवासी राधेश्याम पुत्र शोहरत को 290 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है।

# लूटकांड का आरोपित पिस्टल लिए गिरफ्तार

## देसी शराब की दुकान से 20 जून को हुई थी दो लाख की लूट

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** 20 जून को लालगंज थाना क्षेत्र में महसों स्थित देसी शराब की दुकान में दो लाख की लूट के आरोपित चौथे बदमाश को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया है।

पहली जुलाई को इसके तीन साथियों को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था। उनसे पूछताछ में नाम प्रकाश में आने पर एसपी ने इसी थाने के जमरांव निवासी नीरज गुप्ता पर 25 हजार रुपये ईनाम घोषित कर किया था।

थाना प्रभारी रोहित कुमार उपाध्याय ने बताया कि थाना क्षेत्र के दबिला घाट के पास से मुखबिर की सूचना पर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके कब्जे से पिस्टल और कारतूस के साथ लूट की रकम में से 47 हजार 500 रुपये बरामद किए हैं। लालगंज थाना क्षेत्र के महसों राजा मैदान के पास स्थित सरकारी देसी शराब के ठेके पर बीस जून की रात को दुकान पर मुंशी रामदयाल निवासी संतकबीरनगर और पुरानी बस्ती निवासी सुनील कुमार खाना बनाकर खाने के बाद आराम कर रहे थे।

### गिरफ्तार बदमाश के पास से लूट के साढ़े 47 हजार रुपये बरामद

### पहली जुलाई को बदमाश के तीन साथी मुठभेड़ में हुए थे गिरफ्तार

तभी कमरे में दाखिल हुए बदमाशों ने मुंशी रामदयाल पर तमंचा तान दिया था और गल्ले में रखे करीब दो लाख रुपये लूट लिए थे। एक जुलाई की भोर में पुलिस मुठभेड़ में बदमाश दीपक चौधरी उर्फ रामू उर्फ प्रदीप निवासी लकड़ा थाना लालगंज और चंदन निषाद निवासी गोनार थाना लालगंज को गिरफ्तार किया गया था। बाद में तीसरे बदमाश नफीस को भी पकड़ लिया गया था।

# कंस्ट्रक्शन कंपनी के अगवा सुपरवाइजर को पुलिस ने ढूंढा

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज (बस्ती)।** सड़क के ठेकेदार और मनबढ़ों के बीच रविवार को फिर विवाद हो गया। आरोप है कि रविवार की देर शाम कार सवार मनबढ़ों ने सड़क निर्माण कंपनी के सुपरवाइजर को अगवा कर लिया। हालांकि सूचना मिलने के कुछ ही देर बाद पुलिस ने ढूंढ भी लिया।

कप्तानगंज थाना क्षेत्र के कप्तानगंज से दुबौलिया मार्ग पर इन दिनों चौड़ीकरण का काम चल रहा हैं। रविवार की देर शाम कार सवार कुछ मनबढ़ों ने मदनपुरा गांव के निकट सड़क निर्माण कंपनी के एक सुपरवाइजर आदर्श सिंह का अपहरण कर लिया। कंपनी के डायरेक्टर राकेश सिंह ने इसकी

## दो दिन पहले भी सड़क निर्माण कंपनी के प्लांट में हुई थी तोड़फोड़

सूचना कप्तानगंज पुलिस को दी। पुलिस ने कार का पीछा कर कप्तानगंज चौराहे से सुपरवाइजर को सुरक्षित बरामद कर लिया। दो दिन पहले भी बाइक सवार मनबढ़ों ने सड़क निर्माण कर रही कंपनी के पांच गाड़ियों में तोड़फोड़ भी की थी। घटना को लेकर रंगदारी की भी चर्चा है, लेकिन पुलिस ने इससे इंकार किया है। कंपनी के डायरेक्टर राकेश सिंह ने बताया कि कुछ लोगों के इशारे पर सड़क निर्माण में विवाद हो रहा है। कप्तानगंज के प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है।



धरोपण किया। सोनहा थाना परिसर में भी पौधे लगाए गए। संवाद न्यूज़ एजेंसी



# लालगंज क्षेत्र में देसी शराब की दुकान की हुई जांच

संवाद न्यूज एजेंसी

**कुदरहा।** लालगंज थाना क्षेत्र के कड़सरी मिश्र में संचालित देसी शराब की दुकान का शनिवार की देर शाम आबकारी विभाग की टीम निरीक्षण करने पहुंची। इस दौरान सेल्समैन से पूछताछ करने के बाद टीम स्टाक रजिस्टर, एक पेटी शराब और मौके से बरामद गैलन अपने साथ ले गई।

जिला आबकारी अधिकारी नवीन सिंह ने बताया कि कड़सरी मिश्र में संचालित देसी शराब की दुकान पर रुटीन जांच करने आबकारी विभाग की टीम पहुंची थी। दुकान में शराब की बिक्री कर रहे लवकुश से स्टाक रजिस्टर, उपलब्ध पेटियों के बारे में टीम ने पूछताछ की। लवकुश ने बताया

## गैलन को लेकर सवालों के घेरे में आबकारी विभाग की टीम

कि दुकान में 80 पेटी शराब मौजूद है। जांच के बाद टीम को बताया गया कि यहां पहले चाय-पान की दुकान संचालित होती थी। जांच टीम लौट आई। वहां स्टाक रजिस्टर आदि मौके पर ही देख लिया गया।

मौके पर मौजूद गैलन को टीम लेकर नहीं आई, बल्कि बताया गया कि यहां चाय-पान की दुकान पहले संचालित होती थी, जिसमें कई बर्तन के अलावा गैलन भी था, जिसे पानी आदि पीने के लिए रख लिया गया है। फिलहाल वहां जांच में सब कुछ सामान्य था।

# चोरी की ट्रॉली व ट्रैक्टर बरामद, दो गिरफ्तार

**पैकोलिया।** पुलिस ने रविवार की सुबह दो आरोपितों को गिरफ्तार कर बावर पारा गांव से तेरह दिन पहले चोरी हुई प्रेशर ट्रॉली को बरामद कर लिया। पैकोलिया थानाक्षेत्र के बावर पारा गांव निवासी गिरीश चंद की प्रेशर ट्रॉली 21 जून की रात चोरी हो गई थी। मामले में पुलिस ने अज्ञात पर चोरी का मुकदमा दर्ज किया था। थानाध्यक्ष पैकोलिया धर्मेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि रविवार को बभनान से पचपेड़वा जाने वाले मोड़ के पास से ट्रॉली और उससे जुड़े ट्रैक्टर को बरामद कर दो चोरों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में दोनों की पहचान थानाक्षेत्र के पिरैला गांव निवासी श्रीप्रकाश उर्फ लद्दर और पैकोलिया गांव निवासी मनीष कुमार सिंह के रूप में हुई है। संवाद

# पुलिसकर्मियों ने भी लगाए पौधे

**सोनहा।** थाना परिसर में रविवार को प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र की अगुवाई में पौधरोपण हुआ। इस मौके पर एसआई उमाशंकर तिवारी, विनय कुमार सिंह, सुनील आदि मौजूद रहे। सल्टौआ ब्लॉक परिसर में लेखाकार अजय श्रीवास्तव, रामबहादुर वर्मा, सचिव महेंद्र कुमार यादव, अखिलेश शुक्ला आदि ने तो ग्राम पंचायत अमरौली शुमाली में ग्रामप्रधान के प्रतिनिधि संजय कुमार मौर्य, ग्राम पंचायत बंजरिया में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आकाश वर्मा, ग्राम पंचायत केवटाखोर में रामवचन चौधरी, दूधनाथ लाल श्रीवास्तव मेमोरियल एकडेमी रामनगर के परिसर में प्रधानाध्यापक अखिलेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने पौधरोपण किया। **दुबौलिया प्रतिनिधि** के अनुसार, ग्राम पंचायत डिंगरापुर मुस्तहकम में 1300 पौधे लगाए गए। प्रधान के प्रतिनिधि ध्रुवनाथ सिंह उर्फ बेचू सिंह, प्रेमनाथ सिंह, मनीष सिंह, राहुल सिंह मौजूद रहे। ग्राम पंचायत रामनगर में भाजपा नेता एवं प्रधान संघ के महामंत्री दीपक पांडेय ने 1312 पौधों का वितरण कर रोपित कराए। ग्राम पंचायत भेलमापुर मे दूरसंचार सलाहकार समित के सदस्य दिनेश पांडेय तथा ग्राम प्रधान मंजू के नेतृत्व में सार्वजनिक स्थलों पर पौधरोपण किया गया। संवाद

# चरस के साथ गिरफ्तार

**कप्तानगंज/महराजगंज।** कप्तानगंज पुलिस ने युवक को रविवार तड़के करीब पौने चार बजे 290 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया। यह जानकारी प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि राधेश्याम निवासी नारायणपुर थाना नगर को ग्राम चौखड़ा (चौखड़ा मोड़) से गिरफ्तार किया गया। उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। संवाद

# जिला बदर गिरफ्तार

**पैकोलिया।** थानाक्षेत्र के पूरा पैकोलिया गांव निवासी जिलाबदर बदमाश को पुलिस ने शनिवार की रात उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि थाना क्षेत्र के पूरा पैकोलिया गांव निवासी संदीप को न्यायालय की ओर से जिलाबदर घोषित किया गया था। वह न्यायालय के आदेश का उल्लंघन कर अपने घर रह रहा था। उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर रविवार को चालान कर दिया। संवाद

# पशुचरन की जमीन हुई कब्जा मुक्त

**महादेवा।** बनकटी ब्लॉक क्षेत्र के सजहरा गांव में राजस्व विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में पशुचरन जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया। राजस्व निरीक्षक प्रविंद्र प्रताप गिरी ने बताया कि एसडीएम सदर आशाराम वर्मा के निर्देश पर अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत कार्रवाई की गई। पशुचरन की जमीन पर करीब दो साल से सीताराम आदि कब्जाकर फसल उगाते थे। मौके पर एसआई महेंद्र कुमार, लेखपाल अजय बख्शी, अजय श्रीवास्तव, मनोज, विक्की, राहुल, अश्वनी, कृपाल, लालबाबू आदि मौजूद रहे। संवाद

SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 05-07-2021

# सौ लीटर नेपाली डीजल के साथ एक दबोचा

**लोटन।** लोटन कोतवाली क्षेत्र के ठोठरी बॉर्डर से मुखबिर की सूचना हरिबंशपुर पुलिस चौकी प्रभारी राम अशोक यादव ने टीम के साथ नोमेंस लैंड के पास से ठोठरी निवासी शाहरूख खान को सौ लीटर नेपाली डीजल के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बरामद सामान व आरोपित को कस्टम को सौंप दिया।

# 187 वाहनों का किया गया चालान

**सिद्धार्थनगर।** जनपद पुलिस ने रविवार को कागजों में खामियां मिलने व यातायात नियमों का उल्लंघन कर फर्राटा भरने वाले 187 वाहनों का चालान कर दिया। साथ ही 1.65 लाख रुपये शमन शुल्क वसूल किया गया। साथ ही साथ सभी यातायात नियमों के पालन के लिए जागरूक भी किया गया।

## नेपाली डीजल संग गिरफ्तार

**जासं, सिद्धार्थनगर:** एसएसबी ने भारत-नेपाल सीमा पर 50 लीटर नेपाली डीजल के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपित का नाम सरफुद्दीन है, वह चाकरचौड़ा गांव पालिका यशोदा वार्ड नंबर छह थाना चाकरचौड़ा नेपाल का रहने वाला है। टीम में निरीक्षक श्याम सिंह, निकुंज कुमार सिंघा, शुभांकर डे सिंह शामिल रहे।

## 187 वाहनों का चालान

**सिद्धार्थनगर:** पुलिस ने जिले में रविवार को अभियान के तहत 384 वाहनों की जांच की। कागजात न होने पर 187 वाहनों का चालान किया गया। शमन शुल्क के रूप में 165000 रुपये की वसूली की गई।

## एक नजर में

### शांतिभंग में दो गिरफ्तार

**डुमरियागंज :** अपराधियों पर नकेल कसने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत डुमरियागंज पुलिस ने दो लोगों का शांतिभंग में चालान किया। यह लोग महिलाओं के विरुद्ध आपत्तिजनक बातें लिखकर रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से लोगों को भेज कर अफवाह फैलाते थे। एसओ शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि भटंगवा के जयप्रकाश अग्रहरि व सूरज गुप्ता का चालान किया गया है। टीम में जसवंत सिंह, संजीव पांडेय, अनिल वर्मा शामिल रहे। (जासं)

## भूमि विवाद में चार लोगों का चालान

बिस्कोहर : त्रिलोकपुर पुलिस ने इमलिया गांव में भूमि विवाद में दो पक्षों में हुए झगड़े में चार लोगों को गिरफ्तार किया। बाद में सभी का शांति भंग की आशंका में चालान कर दिया। चौकी प्रभारी बिस्कोहर राजेश शुक्ल ने बताया कि राजकुमार यादव, पुद्दन, बड़कन, घम्मड़ यादव को गिरफ्तार किया गया। कानून व्यवस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगा। (जासं)

# आक्सीजन की कमी दूर करने को किया पौधारोपण

## मंत्री, सांसद, विधायक, मंडलायुक्त समेत अधिकारियों ने रोपे पौधे, बीएसए मैदान के स्मृति वन में लगाए गए 100 औषधीय पौधे



पौधारोपण के बाद पानी देते स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह मध्य में, सदर विधायक श्यामधनी राही दाएं, बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री डा.सतीश द्विवेदी,सांसद जगदंबिका पाल बाएं



पौधे में पानी देते मंडलायुक्त अनिल कुमार सागर, डीएम दीपक मीणा (दाएं) • जागरण



बर्डपुर के पिपरी में पौधारोपण करते ग्रामीण • जागरण



पौधा लगाते बीएसए राजेंद्र सिंह (दाएं)

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर :** स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह, बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार डा. सतीश द्विवेदी, सांसद जगदंबिका पाल ने बीएसए मैदान में रविवार को संयुक्त रूप से स्मृति वन में पौधे लगाए। कोरोना संक्रमण से मृत 100 लोगों की याद में यह पौधे लगाए गए। दो मिनट का मौन रख इन्हें नमन किया। पीपल, नीम, बेल, पाकड़, जामुन, सहजन आदि पौधों को लगाया। जनपद में दो चरणों में 30 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित

**कार्यक्रम**

किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कोविड संक्रमण ने देश व दुनिया को बदल कर रख दिया। इस संक्रमण पर काबू पाने के लिए चिकित्सीय जगत में अभूतपूर्व सुधार किया गया। एक पखवारा के भीतर प्रदेश के सभी जनपदों में आक्सीजन की व्यवस्था मुकम्मल कराई गई। यह केवल अपने ही देश में संभव है। अब दूरदर्शिता दिखाते हुए शुद्ध आक्सीजन की व्यवस्था की जा रही है। इसके लिए अभियान चलाकर पौधरोपण हो रहा है। औषधीय गुर वाले इन वृक्ष से इम्युनिटी बढ़ेगी और शुद्ध वायु भी मिलेगा। बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री ने कहा पौधों का भी अपना अर्थशास्त्र होता है। यह जितना कार्बन डाई आक्साइड लेते हैं, उतनी ही मात्रा में आक्सीजन छोड़ते हैं। सांसद ने कहा हमारे पूर्वज शारीरिक रूप से स्वस्थ थे, इसका कारण था कि उन्हें शुद्ध वायु मिलती थी। पहले हर गांव में पीपल के वृक्ष होते थे, दोपहर में लोग उसकी छांव में बैठते रहे। अब वह दिन दोबारा लाने का सार्थक प्रयास किया जा रहा है। लोगों का दायित्व है कि वह अगर एक पेड़ काटते हैं तो चार पौधारोपण करें। विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, स्मृति वन योजना के नोडल अधिकारी व मंडलायुक्त बस्ती अनिल सागर, डीएम दीपक मीणा, एसपी राम अभिलाष त्रिपाठी, डीएफओ चंद्रेश्वर सिंह, कमांडेंट एसएसबी 43वीं वाहिनी अमित कुमार सिंह आदि मौजूद रहे। नौगढ़ ब्लाक के सेमरियांवा गांव में मंडलायुक्त बस्ती अनिल कुमार सागर, डीएम दीपक मीणा, एसपी राम अभिलाष त्रिपाठी ने पंचायत भवन परिसर पौधारोपण किया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ओजस्वी राज, डीडीओ शेषमणि सिंह, एसडीएम शोहरतगढ़ शिवमूर्ति सिंह, बीडीओ नौगढ़ संगीता यादव आदि मौजूद रहे। बर्डपुर ब्लाक के मधुबेनिया व मधुबेनी गांव में सदर विधायक श्यामधनी राही ने पौधारोपण किया। बर्डपुर नंबर 11 में भी पौधरोपण किया गया। प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद सईद, ग्राम सचिव केशभान यादव, अंकित शुक्ला, प्रधानाध्यापक समशुलहक, सेवकलाल, मोहन गुप्ता आदि मौजूद रहे। नव ज्योति सिद्धार्थ इंटर कालेज में जिला विद्यालय निरीक्षक डा. एएन मौर्या व प्रधानाचार्य ओमप्रकाश यादव, उसका बाजार ब्लाक के चुरिहारी गांव में बीडीओ संजय कुमार ने पौधारोपण किया। ग्राम प्रधान घनश्याम राय, सचिव विमलकांत आदि मौजूद रहे। सोहांस गांव में ग्राम प्रधान सोनू यादव ने पौधारोपण किया।



खेसरहा ब्लाक परिसर में पौधारोपण करते थाना प्रभारी रविंद्र सिंह (बाएं) ● जागरण

## वातावरण शुद्ध रखने के लिए पौधे लगाना जरूरी

जासं, खेसरहा : पेड़ पौधों की उपयोगिता हमारे जीवन में बेहद जरूरी है। आसपास के वातावरण को शुद्ध रखने के लिए पौधे लगाना जरूरी है। रविवार को खेसरहा थाने पर प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सिंह की अगुवाई में पुलिस कर्मियों ने थाना परिसर की सफाई की। इसके बाद आम, सागौन, शीशम के करीब 50 पौधे रोपित किए गए। उपनिरीक्षक संजीत कुमार सिंह, अजय कुमार यादव, रामफल चौरसिया, मुंशी संजय पांडेय, आरक्षी, विकास सिंह, जयसिंह चौरसिया, गोपाल, अजीत आदि मौजूद रहे।

## एक नजर में

### खाद के साथ पुलिस ने तीन लोगों को किया गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर :** लोटन पुलिस ने चार बोरी खाद के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया। उनका नाम आमीन निवासी हरिवंशपुर थाना लोटन, श्यामसुंदर चौधरी निवासी राजापुर बुजुर्ग निवासी कोल्हुई जपनपद महराजगंज व रामसुभग चौधरी निवासी बस्तियां थाना मोहाना है। पुलिस टीम में आरक्षी आशीष चौरसिया, राहुल गुप्ता शामिल रहे। पुलिस ने बताया कि अभियान लगातार चल रहा है। किसी चीज की तस्करी नहीं होने दी जाएगी। (जासं)

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 05-07-2021

# अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

**नाथनगर (एसएनबी)।** महुली थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली नाबालिग युवती को बहला-फुसलाकर अपहरण करने वाले आरोपी युवक को रविवार को महुली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी लगातार तीन महीने से पुलिस को चकमा देकर गिरफ्तारी से बचता रहा। जानकारी के अनुसार महुली थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली नाबालिग युवती को बहला-फुसलाकर गोरखपुर जिले के बेलघाट थानान्तर्गत भरसी गांव निवासी प्रिंस उर्फ विक्रम पुत्र दिलीप नामक युवक बीते 12 अप्रैल 2021 को घर से बाहर बुलाया और उसके बाद उसका अपहरण कर कही गुप्त स्थान पर बंधक बनाकर रखा था। काफी खोजबीन के बाद जब परिजनों को युवती के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी तो 4 दिन बाद 16 अप्रैल को युवती के पिता ने महुली थाने पहुंचकर आरोपी प्रिंस उर्फ बिक्रम के विरूद्ध आईपीसी की धारा 363 व 366 सहित 16/17 पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करवा दिया था। मुकदमा दर्ज करने के बाद से ही महुली पुलिस युवती समेत अपहरणकर्ता की तलाश में जगह-जगह छापेमारी करती रही लेकिन दोनों पुलिस के हाथ नहीं लग सके। बीते 29 जून को पुलिस ने युवती को तो बरामद कर लिया लेकिन आरोपी प्रिंस उर्फ बिक्रम पुलिस को चकमा देकर फरार होने में सफल हो गया था। पुलिस लगातार आरोपी के पीछे पड़ी थी और रविवार की सुबह पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी प्रिंस उर्फ बिक्रम को दबोच लिया और कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उसे जेल भेज दिया।

# किशोरी को भगाने का आरोपी पकड़ा

संतकबीरनगर। महुली पुलिस ने किशोरी को बहला-फुसला कर भगा ले जाने के मामले के आरोपी किशोर को रविवार को अभिरक्षा में ले लिया।

एसओ धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी किशोर 12 अप्रैल को बहला-फुसला कर किशोरी को भगा ले गया था। इसके संबंध में 16 अप्रैल को मुकदमा दर्ज हुआ था। 29 जून को अपहृत किशोरी पुलिस को मिल गई थी। जबकि सूचना के आधार पर आरोपी किशोरी को अभिरक्षा में लिया गया। ब्यूरो

# कई मामलों में आधा दर्जन लोगों पर की कार्रवाई

संतकबीरनगर | **निज संवाददाता**

जनपद पुलिस ने एसपी डॉक्टर कौस्तुभ के निर्देश पर कई मामले में आधा दर्जन आरोपितों पर कानूनी कार्रवाई किया। पुलिस मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार एसपी के आदेश और एएसपी संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जिले की पुलिस ने अपराधियों के धर पकड़ के लिए अभियान चलाया।

दुधारा पुलिस ने तीन और महुली पुलिस ने दो आरोपितों को शांति भंग की आशंका में चालान किया। इसके साथ ही थाना महुली पुलिस ने अपहरण व पोक्सो एक्ट में वांछित बालअपचारी नाम प्रिंस उर्फ विक्रम पुत्र दिलीप निवासी भरसी थाना बेलघाट जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार उक्त बालअपचारी ने दिनांक 12 अप्रैल को वादी की पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया था। जिसके संबंध में वादी ने दिनांक 16 अप्रैल को थाना महुली पर अभियोग पंजीकृत कराया। महिला अपराध की संवेदनशीलता को देखते हुए आज दिनांक चार जुलाई को थाना महुली पुलिस ने उक्त आरोपित बालअपचारी को गिरफ्तार किया। जबकि पूर्व में अपहृता को बरामद किया गया था।

# घूम रहे लोगों से भरवाया जुर्माना

**संतकबीरनगर।** जिले में बिना मास्क के घूम रहे लोगों की धर पकड़ के लिए अभियान चलाया गया। कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण के दृष्टिगत बिना मास्क के घूम रहे लोगों के विरुद्ध पुलिस टीम ने सघन जांच पड़ताल किया। तीनों सर्किलों में क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अम्बरीष भदौरिया, क्षेत्राधिकारी धनघटा अंशुमान मिश्र व क्षेत्राधिकारी मेंहदावल रामप्रकाश के नेतृत्व में सभी थानों ने कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण के दृष्टिगत लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग अपनाने, आदि के सम्बन्ध में जागरुक किया। बिना मास्क के घूम रहे 50 व्यक्तियों से 10,200 रूपए चालान वसूल किया गया।

# नियम तोड़ने वालों से वसूला शमन शुल्क

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस ने यातायात नियम तोड़ने वालों से शमन शुल्क वसूल किया। एसपी के आदेश और एएसपी संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जिले की पुलिस ने वाहन चेकिंग का अभियान चलाया। पुलिस टीम ने यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्रवाई करते हुए 110 वाहनों के स्वामियों से एक लाख चार हजार रुपए शमन शुल्क वसूल किया।

# किशोरी को भगाने वाला आरोपित गिरफ्तार, भेजा गया जेल

जासं, महुली: एक किशोरी को भगा ले जाने वाले आरोपित युवक को महुली पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया। मुखलिसपुर पुलिस चौकी के प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि एक व्यक्ति ने थाने में तहरीर दी थी। पीड़ित का कहना था कि 12 अप्रैल को उसकी बेटी को गोरखपुर जनपद के बेलघाट थानाक्षेत्र के भरसी गांव के निवासी प्रिंस उर्फ विक्रम पुत्र दिलीप बहला फुसलाकर भगा ले गया था। 16 अप्रैल को उसके खिलाफ अपहरण व. पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

# दो नामजद और छह अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

जागरण संवाददाता, बखिरा: बखिरा पुलिस ने बीते शनिवार को प्रतापपुर गांव में हुई मारपीट के मामले में रविवार को दो नामजद और छह अज्ञात लोगों के खिलाफ बलवा, मारपीट आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

थाने में दी गई तहरीर में प्रतापपुर गांव के निवासी राम प्रसाद पुत्र सुरेश ने यह उल्लेख किया है कि बीते शनिवार की शाम को बाजार से वह घर लौट रहे थे। इस दरम्यान पहले से घात लगाकर बैठे कुछ लोग जातिसूचक गाली देने लगे। विरोध करने पर गांव के चंडी प्रसाद तिवारी, नरेंद्र के अलावा छह अज्ञात लोग लाठी डंडा से पीटाई की। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच की जा रही है।

# युवती को भगाने के मामले में भेजा जेल

धनघटा। महुली पुलिस ने रविवार को युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। उक्त आरोपी गोरखपुर जिले के एक गांव का रहने वाला है। पुलिस ने पकड़े गए युवक को जेल भेज दिया है। चौकी प्रभारी मुखलिसपुर जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि 12 अप्रैल को उसकी पुत्री को युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया। उन्होंने बताया कि उक्त युवक के खिलाफ 16 अप्रैल को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने तथा पॉक्सो एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि पूर्व में 29 जून को युवती को पकड़ा जा चुका है। रविवार को सूचना के आधार पर वांछित चल रहे आरोपी प्रिंस उर्फ विक्रम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। *संवाद*



डीएम आवास के पास पौधरोपण करते नोडल अधिकारी, डीएम और अन्य। संवाद न्यूज एजेंसी



सेमरियावां में पौधरोपण करते शिक्षक। संवाद न्यूज एजेंसी

# पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

## वन महोत्सव : सात जुलाई तक चलेगा अभियान, नोडल अधिकारी और डीएम ने किया निरीक्षण

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। जनपद में जारी वन महोत्सव के उपलक्ष्य में रविवार को विभिन्न स्थानों पर पौधे लगाए गए। इसी क्रम में अपर मुख्य सचिव होमगार्ड एवं नोडल अधिकारी अनिल कुमार ने डीएम आवास के सामने आफीसर्स कालोनी में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

पहली जुलाई से सात जुलाई तक चलने वाले वन महोत्सव के उपलक्ष्य में नोडल अधिकारी अनिल कुमार, डीएम दिव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने टेमारहमत के पास वन विभाग द्वारा कराए जा रहे पौधरोपण स्थल का निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन किया। उन्होंने पौधों के उचित देखभाल के लिए निर्देश दिया। इसके बाद डीएम आवास के सामने आफीसर्स कालोनी के पास फलदार एवं छायादार पौधे रोपित किया। इस दौरान नोडल अधिकारी ने कहा कि पृथ्वी पर पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए पेड़, पौधों एवं हरित वन क्षेत्र की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है। हमें इस नेक कार्य के लिए सिर्फ वन महोत्सव का इंतजार न करके वर्ष में कई बार विभिन्न अवसरों पर पौधे लगाना चाहिए ताकि हमारी पीढ़ियां साफ, स्वच्छ व संतुलित पर्यावरण में जीवन जी सकें।

डीआईओएस कार्यालय परिसर में डीआईओएस गिरीश कुमार सिंह ने पौधरोपण किया। हीरालाल,

### जनपद में जगह-जगह लगाए गए पौधे, उचित देखभाल के दिए निर्देश

रामनिवास इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य राम कुमार सिंह व जिला सचिव भारत स्काउट गाइड रवि प्रकाश श्रीवास्तव के नेतृत्व में विद्यालय के स्काउटों ने विद्यालय के पीछे प्रांगण में पौधरोपण किया। प्रधानाचार्य राम कुमार सिंह कहा कि पर्यावरण बचाने के लिए पौधरोपण जरूरी है। उन्होंने लोगों को पौधरोपण व सुरक्षा की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मारुति नंदन चौरसिया, संदीप साहनी, अंकित मौर्य, प्रवीण प्रजापति, अभिनव चौधरी, अमन चौधरी, मित्रसेन चौधरी, निखिल चौरसिया, राम आशीष, प्रियांशु, अनूप गौंड आदि उपस्थित रहे।

रोसयाबाजार प्रतिनिधि के अनुसार ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में खाली स्थानों पर पौधरोपण किया गया। पौधरोपण अभियान में सभी ग्राम प्रधान व गैर व सरकारी संस्थान के जिम्मेदारों ने बड़े उत्साह के साथ बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। विकास खंड पौली के परिसर में एडीओ पंचायत दिनेश राय, ग्राम पंचायत गौवापार में प्रधान प्रतिनिधि मनोज सिंह, ग्राम पंचायत महेश्वरपुर में जोखू प्रसाद, संत रामानंद पारस देई कन्या इंटर कॉलेज बेलघाट-रौठा के परिसर में प्रबंधक राम मिलन यादव व चौकी प्रभारी मनोज कुमार पटेल ने पौधरोपण किया। इस मौके पर



पौली के महेश्वरपुर में पौधरोपण करते चौकी प्रभारी मनोज पटेल। संवाद न्यूज एजेंसी



चआर इंटर कॉलेज में पौध रोपण करते प्रधानाचार्य और अन्य। संवाद न्यूज एजेंसी



बेलहर कलां बभनी में अस्थायी गोशाला परिसर में एपीओ व ग्राम विकास अधिकारी ने पौधारोपण किया। संवाद न्यूज एजेंसी



कार्यालय में पौधरोपण करते जिला विद्यालय निरीक्षक। संवाद न्यूज एजेंसी

विजय प्रकाश यादव, जोखू यादव, धर्मेंद्र यादव, कमलेश तिवारी, जुबेर अहमद, महेंद्र यादव, रामउजागिर दुबे, सुनील सिंह आदि मौजूद रहे।

बेलहर प्रतिनिधि के अनुसार विकास खंड क्षेत्र के बभनी में एपीओ एसपी चौधरी ने अस्थाई गोशाला परिसर में पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि जैव विविधता को मजबूती देने के लिए कई प्रजातियों के पौध लगाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान पेड़-पौधों की उपयोगिता समझ में आ गई है। ग्राम विकास अधिकारी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायतों में पौधरोपण कार्य पूर्ण हो चुका है। इस दौरान ग्राम प्रधान राधेश्याम मौर्या, रोजगार सेवक श्रीचंद यादव आदि मौजूद रहे।

सेमरियावां प्रतिनिधि के अनुसार बेसिक शिक्षामंत्री के आह्वान पर परिषदीय विद्यालय के शिक्षकों ने स्कूलों में पांच-पांच पौधे लगाकर पौधरोपण से सभी को जुड़ने का आह्वान किया।

खंड शिक्षा अधिकारी ऋषिकेश के निर्देशन पर ब्लॉक में 150 से अधिक प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालयों के शिक्षकों ने बड़े उत्साह के साथ पौधरोपण कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने शिक्षकों से पौधों की देखभाल करने और ग्रीन विद्यालय-क्लीन विद्यालय बनाने पर जोर दिया। इस दौरान संकुल शिक्षक जफीर अली, संजय दिवेदी, विनोद कुमार, लक्ष्मी नारायण, असरारुल हक, अब्दुर्रहीम, सुहेल अहमद, मनोज कुमार, अनिल शर्मा, अजीज, किरण चौधरी, सुरजन गौंड, सुशील शर्मा, बाबू लाल, मो. सोबान, शमीम अहमद, आशीष कुमार गौतम, शकील अहमद, बब्बू लाल, कमाल अहमद आदि मौजूद रहे।

# दो सगे भाई समेत तीन पर केस दर्ज

अमर उजाला ब्यूरो

**संतकबीरनगर।** मुकदमे में सुलह-समझौते का दबाव बनाने और विरोध पर मारपीट कर पीड़ित के हाथ की हड्डी तोड़ देने के आरोप में पुलिस ने रविवार को दो सगे भाई समेत तीन पर केस दर्ज किया।

बखिरा क्षेत्र के प्रतापुर गांव निवासी राम प्रसाद पुत्र सुरेश का आरोप है कि शनिवार की शाम को छह बजे के करीब वह बाजार करके अपने घर की तरफ लौट रहे थे। आरोप है कि पहले से बैठे तमाम लोग उसे रास्ते में रोक लिए और जाति सूचक शब्दों से अपमानित किए। लोग मुकदमा में सुलह-समझौते का दबाव बनाए। लोग उसे अपशब्द कहने लगे। विरोध करने पर उसके गांव के चंडी प्रताप तिवारी, उनके भाई नरेंद्र और एक अज्ञात शख्स ने लाठी-डंडे से उसे मारपीट कर घायल कर दिए। घटना के बाद गांव के लोगों को आते देखकर आरोपी वहां से भाग गए। पिटाई से उसे काफी चोटें आईं। उसके हाथ की हड्डी टूट गई। जाते-जाते लोगों ने जानमाल की धमकी दी। पीड़ित ने रविवार को पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

एसओ मनोज सिंह ने बताया कि आरोपी चंडी प्रताप तिवारी, उनके भाई नरेंद्र प्रताप समेत तीन लोगों पर गोलबंद होकर मारने-पीटने, हाथ की हड्डी तोड़ देने और एससी/एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया।

# बगैर मास्क पकड़े गए 50 लोगों से वसूला जुर्माना

संतकबीरनगर। बिना मास्क के घूमने वालों के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत रविवार को पुलिस ने 50 लोगों को पकड़ा।

एसपी डॉक्टर कौस्तुभ ने बताया कि बिना मास्क के घूमते 50 लोग पकड़े गए। इनसे पुलिस ने 10,200 रुपये जुर्माना वसूल किया। उन्होंने कहा कि कोरोना से बचने के लिए मास्क पहनना बेहद जरूरी है। बगैर मास्क के लोग घरों से बाहर कत्तई न निकलें। दो गज की दूरी बनाए रखें और बार-बार हाथ को सैनिटाइज करते रहें। नियमों का पालन करके ही कोरोना की जंग जीती जा सकती है। नियम तोड़ने वालों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई करेगी। ब्यूरो

# वाहन चेकिंग में एक लाख चार हजार वसूले

संतकबीरनगर। पुलिस ने रविवार को जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 110 वाहन स्वामियों से एक लाख चार हजार रुपये राजस्व वसूली की गई।

एसपी डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि कोतवाली खलीलाबाद, मेंहदावल, धनघटा, बखिरा, बेलहर, धर्मसिंहवा, दुधारा, महुली थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसमें 110 वाहनों में कमियां मिलने पर वाहन स्वामियों से एक लाख चार हजार रुपये की राजस्व वसूली की गई। संवाद

GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 05-07-2021

# छेड़छाड़ में दो गिरफ्तार

**वजीरगंज।** छेड़छाड़ को लेकर वजीरगंज पुलिस ने टिकरी व सुदामापुर गांव से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक केके राणा ने बताया कि विनोद व चंदन वर्मा पर एक गांव की बालिका से छेड़छाड़ को लेकर मुकदमा दर्ज था। उपनिरीक्षक सुशील सिंह, कांस्टेबल लालबहादुर सिंह ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

CS Scanned with CamScanner

# कई पीढ़ी तक आक्सीजन देते हैं पौधे : थानाध्यक्ष

उमरी बेगमगंज। ग्राम पंचायत जफरापुर के गौ आश्रय केंद्र व पूर्व माध्यमिक विद्यालय पूरे विराजी में थानाध्यक्ष करूणाकर पांडेय व प्रधान गनी मोहम्मद ने पौधरोपण किया। पौधरोपण कार्यक्रम में थानाध्यक्ष ने कहा कि दीर्घकालीन पौधे मनुष्य के कई पीढ़ी तक ऑक्सीजन देने का कार्य करते है। इनको लगाने और बचाने से भौतिक और आध्यात्मिक दोनों सुखों की प्राप्ति होती है। एसओ ने उपस्थित ग्रामीणों को नि:शुल्क पौधे वितरित किए। प्रधान गनी मोहम्मद ने लोगो से पौधरोपण करने की अपील की। क्षेत्र पंचायत सदस्य दिनेश कुमार सिंह, सज्जाद, सद्दाम हुसैन, धर्मराज सिंह, अवधबक्श सिंह, सुनील सिंह, राजाराम, देवी बक्श रहे।

# घोटाले में पुलिस ने दो को उठाया

**गोण्डा।** नगरपालिका में सफाई कर्मचारियों के पीएफ मद में हुए करोड़ों के फर्जीवाड़ा मामले में पुलिस ने रविवार को दो महिलाओं को उठाया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। ये महिलाएं मुख्य आरोपी की करीबी रिश्तेदार बताई जा रही हैं। 'हिन्दुस्तान' इस मामले का खुलासा प्रमुखता से करता आ रहा है।

नगरपालिका पीएफ घोटाले और फर्जी बैलेंस शीट मामले में गोण्डा-रामपुर कनेक्शन के प्रकाश में आने के बाद पुलिस अब हरकत में है। निलंबित आरोपी पीएफ लिपिक विपिन प्रकाश और उसके कई नजदीकियों के बैंक खाते में हुए करोड़ों के स्थानांतरण को लेकर पुलिस अभिलेखों की गहनता से पड़ताल में जुट गई है। सभासदों शेष चौरसिया और विशाल अग्रवाल की शिकायत पर मण्डलायुक्त ने प्रशासन को जांच के आदेश दिए थे जिसके क्रम में डीएम ने भी लिपिक विपिन प्रकाश की बर्खास्तगी के आदेश अधिशासी अधिकारी को भी दिए थे। हालांकि ईओ विकास सेन ने इसकी कवायद शुरू करने की जानकारी दी थी लेकिन अबतक अंतिम रूप से अमल नही हो पाया है। मामले की विवेचना कर रहे एसएसआई प्रबोध कुमार ने बताया कि आरोपी की महिला रिश्तेदारों से पूछताछ की जा रही है।


# तीसरी लहर का बच्चों पर न हो वार

संसू, गोंडाः कोरोना की तीसरी लहर के प्रकोप से पुलिस कर्मियों के बच्चों को बचाने की पहल शुरू हो गई है। देवीपाटन मंडल के चारों जिलों के पुलिस अस्पताल को इसके लिए तैयार किया जा रहा है। यहां पर बेड की उपलब्धता, चिकित्सकों की तैनाती, दवाओं की स्थिति के बारे में जानकारी मांगी गई है। पुलिस व स्वास्थ्य विभाग के अफ़सरों को संयुक्त रूप से मास्टर प्लान तैयार करने को कहा गया है।

कोरोना की दूसरी लहर में देवीपाटन मंडल में 80 पुलिस कर्मी कोरोना की चपेट में आ गए थे। हालांकि पुलिस कर्मियों को कोरोना के संक्रमण से बचाने के लिए कई स्तर पर योजना बनाई गई है। देवीपाटन परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक डॉ. राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस अस्पतालों को अपडेट किया जा रहा है। पुलिस कर्मियों व उनके परिवार में रह रहे 18 वर्ष की आयु से अधिक के सभी लोगों को कोरोनारोधी वैक्सीन लगवाया जा रहा है। इसको लेकर पुलिस अधिकारियों को विशेष प्रयास करने को कहा गया है। साथ ही थानों में तैनात पुलिस कर्मियों को भी परिवार के सदस्यों का टीकाकरण कराने का निर्देश दिया गया है। इसकी निगरानी संबंधित जिलों के एसपी को सौंपी गई है।

**बंद रहे बाजार** : कोरोना कर्फ्यू के दूसरे दिन रविवार को भी बाजार बंद रहे। सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। वाहनों की आवाजाही न होने से लोगों को मुश्किलों से जूझना पड़ा।

- पुलिस अस्पतालों की व्यवस्था की पड़ताल शुरू
- पुलिस कर्मियों व उनके परिवारजन के टीकाकरण पर जोर



चौक बाजार में बंद दुकानें • जागरण

## गोंडा में कोरोना से एक की मौत

रविवार को कोरोना संक्रमित एक और की मौत हो गई। मृतक के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। इसके साथ ही एक्टिव 19 मरीजों के स्वास्थ्य पर नजर रखी जा रही है। सीएमओ डा. आरएस केसरी ने बताया कि रैपिड रिस्पांस टीमों को सतर्क रहने को कहा गया है।



डा. राकेश सिंह, आइजी • जागरण

CS Scanned with CamScanner

# साढ़े तीन करोड़ के पीएफ घोटाले में महिला गिरफ्तार

## मामले में तत्कालीन एडीएम समेत ईओ नगरपालिका व बैंककर्मी भी शामिल

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरी नगर पालिका परिषद में दो लिपिकों ने मिलीभगत कर करीब साढ़े तीन करोड़ का पीएफ घोटाला कर डाला। इस मामले में रविवार को लिपिक विपिन श्रीवास्तव की पत्नी हेमा गिरफ्तार हो गई हैं। आरोप हैं विपिन ने अपनी पत्नी के व्यक्तिगत खाते में दो करोड़ रुपये ट्रांसफर किए थे। अमर उजाला ने दिसंबर 2020 में साढ़े तीन करोड़ रुपये पीएफ खाते से व्यक्तिगत खातों में ट्रांसफर करने का आरोप जिले के पूर्व एडीएम, पालिकाध्यक्ष, ईओ नगर पालिका व बैंककर्मियों पर आरोप लगा था, की खबर प्रकाशित किया था। मामले का खुलासा होने पर अब नगर पालिका परिषद के ईओ ने लिपिक विपिन श्रीवास्तव, बैंक के एक कर्मचारी समेत अन्य लोगों के खिलाफ केस दिसंबर 2020 में दर्ज कराई थी।

नगर पालिका के कर्मियों की ओर से की गई जांच में बड़ा मामला उजागर हुआ था। बाद में मामले ने तूल पकड़ा तो कुछ रुपये पीएफ एकाउंट में जमाकर मामले को रफादफा करने की कोशिश भी की गई। लेकिन अधिकारियों की चेतावनी के बाद मामले का केस दर्ज कराना पड़ा। पुलिस जांच में यह मामला सामने आया कि घपले की धनराशि को लिपिक विपिन श्रीवास्तव ने अपनी पत्नी हेमा व एक और रिश्तेदार के खाते में जमा करा दिया था। नगर पुलिस ने मामले में लिपिक की पत्नी हेमा को गिरफ्तार कर लिया है। रविवार को नगर पुलिस ने हेमा को गिरफ्तार किया और पूछताछ शुरू किया। नगर कोतवाल आलोक राव का कहना है कि मामले में हेमा श्रीवास्तव भी आरोपित हैं और उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

### पीएफ घोटाले के लिए अफसरों की मिलीभगत से बनी थी रणनीति

#### नगर पुलिस ने एफआईआर दर्ज करके शुरु की थी जांच


नगर पालिका में 3.5 करोड़ का पीएफ घोटाला, एफआईआर की तैयारी

तीन दिसंबर को प्रकाशित खबर।

नपाप में पीएफ घोटाले की नींव अधिकारियों की मिलीभगत से तैयार हुई थी। तत्कालीन कार्यालय अधीक्षक राकेश कुमार श्रीवास्तव से मिलीभगत कर आठवीं पास सुपरवाइजर मुश्फिक को भविष्य निधि पटल का प्रभार सौंप दिया। बाद में तीनों ने साजिश के तहत बैंककर्मियों के मिलीभगत से फर्जी बिल बाउचर भरकर करोड़ों रुपये निकालकर हड़प लिया। प्रशासक व्यवस्था खत्म होने के बाद भी यह घोटाला जारी रहा और कर्मचारियों की मेहनत की गाढ़ी कमाई का हिस्सा भ्रष्टाचारी हड़प करते रहे। आरोप है कि मुश्फिक ने ईओ विकास सेन से मिलीभगत कर पालिकाध्यक्ष उज्मा राशिद के फर्जी हस्ताक्षर बनाकर 50 लाख रुपये बैंक से निकाल लिए। विनोद कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि जब उन्होंने बैंक के शाखा प्रबंधक से पीएफ खाते से पैसा निकाले जाने की शिकायत की तो नगर पालिका में हड़कंप मच गया। प्रारंभिक पड़ताल में करीब 3.50 करोड़ रुपये के घोटाले का मामला सामने आया था।

### नियोक्ता ही बने भक्षक, कहां जाए कर्मचारी

गोंडा। नौकरी करने वाले कर्मचारियों की मेहनत की गाढ़ी कमाई का कुछ अंश इस भरोसे के साथ उनके भविष्य निधि खातों मे जमा किया जाता है कि जरूरत पड़ने पर यह धनराशि उनके मुसीबत में काम आ सकेगी। जितनी धनराशि कर्मचारी अपने पीएफ खाते मे जमा करते हैं उतनी ही धनराशि नियोक्ता भी कर्मी के खाते मे जमा करे ऐसा नियम है, लेकिन जब नियोक्ता ही अपने कर्मियों की जमा धनराशि को हड़पने का साजिश रचने लगे तो फिर बेचारा मेहनतकश मजदूर अपना जीवन यापन कैसे करे यह बड़ा सवाल है। अब यह देखने वाली बात होगी कि अपनी गाढ़ी कमाई की हिस्सा गंवा चुके कर्मचारियों का पैसा वापस उन्हें मिलता है या फिर सत्ता और राजनीति के घालमेल की बदौलत यह घोटाला भी जांच की फाइलों में ही दबकर रह जाता है। (संवाद)

Scanned with CamScanner

# BALRAMPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 05-07-2021

### एक से सात जुलाई तक मनाए जा रहे वन महोत्सव के तहत जिले में 30 लाख पौधे लगाने का है लक्ष्य

# एक दिन में 22 लाख पौधे रोप डाले

**पर्यावरण संतुलन**

- आयुक्त देवीपाटन मंडल ने खुटेहना गांव में पीपल का पौधा लगाकर दिया पर्यावरण संतुलन का संदेश
- पौधरोपण अभियान में सरकारी विभागों के साथ-साथ तमाम स्वयंसेवी संस्थाएं आ रही हैं आगे

**बलरामपुर | संवाददाता**

एक से सात जुलाई तक वन महोत्सव सप्ताह मनाया जा रहा है। इस अवधि में जिले में 30 लाख पौधे रोपित करने का लक्ष्य रखा गया है। रविवार को विभिन्न विभागों व संस्थाओं की ओर से पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके तहत रविवार को 22 लाख पौधे लगाए गए। देवीपाटन मंडलायुक्त एसवीएस रंगाराव ने सदर तहसील के खुटेहना गांव में पीपल का पौधा रोपित कर अभियान का शुभारंभ किया।

सदर तहसील के खुटेहना गांव में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में मंडलायुक्त ने कहा कि पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधों का रोपण बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि सभी लोग पौधे लगाने के साथ उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी भी लें। कहा कि पेड़ों से भारी मात्रा में आक्सीजन मिलती है। औषधीय वृक्ष विभिन्न बीमारियों के उपचार में काम आते हैं। कार्यक्रम के दौरान डीएम श्रुति ने बरगद व एसपी हेमंत कुटियाल ने पाकड़ का पौधा रोपित किया। इसी क्रम में बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से एक साथ स्कूलों, ब्लॉक संसाधन केंद्रों पर वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। रविवार को वृहद पौधरोपण अभियान के तहत परिषदीय विद्यालयों में प्रधानाध्यापक, शिक्षक, शिक्षामित्र व अनुदेशकों ने विद्यालय परिसर सहित आसपास के सार्वजनिक स्थानों पर पौधरोपण किया। पौधरोपण की जियो टैगिंग कर विभागीय पोर्टल पर भेजा गया। खंड शिक्षाधिकारी श्रीदत्तगंज महेंद्र कुमार त्रिपाठी ने कम्पोजिट विद्यालय महुआ इब्राहिम के सभी स्टाफ के साथ आम, नीम आदि का पौधरोपण किया। इसी क्रम में सदर शिक्षा क्षेत्र के इंग्लिश मॉडल प्राथमिक स्कूल धुसाह प्रथम व दुर्गापुर आदि विद्यालयों में एक साथ पौधरोपण किया गया। बेसिक शिक्षाधिकारी कार्यालय परिसर में बीएसए रामचंद्र, पटल सहायक आशुतोष मिश्रा, डीसी निरंकार पांडेय, एनके सिंह, मोहितदेव त्रिपाठी, मनोज सिंह, शादाब खान, संजय श्रीवास्तव व अजय श्रीवास्तव आदि लोगों ने पौधरोपण किया। वहीं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय नगर क्षेत्र, देहात क्षेत्र, तुलसीपुर, गैसड़ी, पचपेड़वा, शिवपुरा, श्रीदत्तगंज, उतरौला व रेहराबाजार आदि स्कूलों के परिसर में पौधरोपण किया गया।



महराजगंज पीएचसी में पौधरोपण करते भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. हुकुम सिंह व अन्य



सोहेलवा वन्य जीवन प्रभाग के रामपुर रेंज में पौधरोपण करते रेंजर व अन्य।

**भाजपा नेता की अगुवाई में हुआ वृक्षारोपणः महराजगंज तराई।** स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सा प्रकोष्ठ अध्यक्ष डा. हुकुम सिंह के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण के लिए रविवार को पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत पीएचसी परिसर में सागौन, नीम, सहजन व चितवन आदि पौधों का रोपण किया गया। साथ ही लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

डा. श्री सिंह ने कहा कि पौधरोपण करना सभी का कर्तव्य है। वृक्षों से ही पर्यावरण शुद्ध रहता है, जिससे मनुष्य भी स्वस्थ रहता है। वृक्ष हमें प्राकृतिक आपदा जैसे भूकंप, बाढ़ व कटान आदि से बचाते हैं। पौधरोपण करने के साथ उसका देखभाल करना भी सभी का दायित्व है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गणेश सोनी ने कहा कि गांव के प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। इस अवसर पर डा. सुहेल खान, मनीष सिंह, एडवोकेट पवन कुमार वर्मा, प्रवेश कुमार मिश्रा, शैलेन्द्र सिंह, एसके ओझा, प्रसून कौशल व अजय सिंह आदि मौजूद थे। इसी क्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गुलहरिया हिसामपुर के परिसर में पौधरोपण किया गया।

## उतरौला में पौधरोपण को लेकर दिखा उत्साह

उतरौला। तहसील उतरौला क्षेत्र में पौधरोपण को लेकर उत्साह दिखा। लोगों ने आगे आकर पौधे लगाए। ग्रामसभा बनकटवा में विकासखंड अधिकारी उतरौला की अगुवाई में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि खालिद उमर खां ने पौधरोपण किया। प्रधान प्रतिनिधि ने बताया कि पर्यावरण प्रहरियों में शानू, मेराज अहमद, मोहम्मद गुलफाम, मोहम्मद नजीर, परवेज खान, मोहम्मद अनीस, शमशेर अली, नियाज अहमद, नसीम अहमद, लल्लूराम, अनवार खां व ताज मोहम्मद सहित तमाम लोग शामिल हैं क्षेत्राधिकारी उतरौला एवं प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में थाना कोतवाल उतरौला के समस्त अधिकारी/कर्मचारियों ने कोतवाली उतरौला परिसर, पुलिस चौकी कस्बा परिसर, पुलिस चौकी महदेइया परिसर एवं निर्माणाधीन थाना गैंड़ास बुजुर्ग में सामूहिक रूप से विभिन्न प्रकार के हजारों वृक्षों को लगाकर वन महोत्सव मनाया।

## संस्था ने पौधरोपण किया

बलरामपुर। सामाजिक संस्था लक्ष्य सेवा समिति ने पौधरोपण कार्यक्रम शुरू किया है। संस्था की ओर से वर्ष के अंत तक एक हजार पौधें लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। संस्था पदाधिकारियों ने रानी तालाब स्थित हनुमान मंदिर परिसर में नीम, पीपल, गुलमोहर, आम व जामुन आदि फलदार पौधों का रोपण किया।

# शांतिभंग में 11 लोगों की गिरफ्तारी

**धरपकड़**

बलरामपुर | संवाददाता

एसपी हेमंत कुटियाल के निर्देश पर जिले के विभिन्न थानों में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण के लिए अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को कोतवाली देहात की पुलिस ने 11 लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया।

प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात विद्यासागर वर्मा ने बताया कि एएसपी अरविंद कुमार मिश्र एवं सीओ सिटी वरुण मिश्रा के पर्यवेक्षण में अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को कोतवाली देहात क्षेत्र के 11 लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया। सभी लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक उमेशचंद, धर्मप्रकाश सिंह, हेड कांस्टेबल संजय निषाद व कांस्टेबल रणविजय सिंह शामिल थे।



कोतवाली देहात में पकड़े गए अभियुक्तों के साथ मौजूद पुलिस टीम। ● हिन्दुस्तान

# 15 लोगों से 15 हजार जुर्माना वसूला गया

**उतरौला।** नगर क्षेत्र में कस्बा चौकी इंचार्ज पवन कनौजिया व महिला रिपोर्टिंग चौकी प्रभारी नीलोफर की संयुक्त टीम ने कोविड-19 के दृष्टिगत नगर का भ्रमण किया। साथ ही सप्ताहिक बंदी का जायजा लिया। नियमों के उल्लंघन पर 15 व्यक्तियों का चालान कर 15000 जुर्माना वसूला।

# उतरौला में पौधरोपण को लेकर दिखा उत्साह

**उतरौला।** तहसील उतरौला क्षेत्र में पौधरोपण को लेकर उत्साह दिखा। लोगों ने आगे आकर पौधे लगाए। ग्रामसभा बनकटवा में विकासखंड अधिकारी उतरौला की अगुवाई में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि खालिद उमर खां ने पौधरोपण किया। प्रधान प्रतिनिधि ने बताया कि पर्यावरण प्रहरियों में शानू, मैराज अहमद, मोहम्मद गुलफाम, मोहम्मद नजीर, परवेज खान, मोहम्मद अनीस, शमशेर अली, नियाज अहमद, नसीम अहमद, लल्लूराम, अनवार खां व ताज मोहम्मद सहित तमाम लोग शामिल हैं क्षेत्राधिकारी उतरौला एवं प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में थाना कोतवाल उतरौला के समस्त अधिकारी/कर्मचारियों ने कोतवाली उतरौला परिसर, पुलिस चौकी कस्बा परिसर, पुलिस चौकी महदेइया परिसर एवं निर्माणाधीन थाना गैंड़ास बुजुर्ग में सामूहिक रूप से विभिन्न प्रकार के हजारों वृक्षों को लगाकर

# आइजी करेंगे पुलिस चौकी का उद्घाटन

**संवादसूत्र, बलरामपुर :** मुख्य अतिथि आइजी डा. राकेश सिंह गोंडा मार्ग पर बहादुरापुर में नवनिर्मित पुलिस चौकी भवन का सुबह 11.45 बजे उद्घाटन करेंगे। एसपी हेमंत कुटियाल ने बताया कि देहात कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस चौकी भवन का निर्माण हुआ है। चौकी बनने से आसपास क्षेत्र के लोगों को शिकायत दर्ज कराने के लिए देहात कोतवाली तक नहीं दौड़ना पड़ेगा। पुलिस चौकी बन जाने से स्थानीय लोगों को सहूलियत होगी।

**अपने जिले और प्रदेश की अन्य खबरें पढ़ें www.jagran.com/state/uttar-pradesh पर**

# पौधा रोपित कर लिया संकल्प, वृक्ष ही आक्सीजन का विकल्प

मंडलायुक्त ने की **स्मृति वाटिका** की शुरूआत, बलरामपुर व बजाज चीनी मिल ने शुरू किया अभियान



देहात क्षेत्र में पौधारोपण करते ग्रामीण • जागरण



...तौला कोतवाली परिसर में पौधा रोपित करते पुलिसकर्मी • जागरण



...दर ब्लाक के खुटेहना गांव में पौधारोपण करते मंडलायुक्त एसवीएस रंगाराव व डीएम श्रुति • जागरण

**जागरण टीम, बलरामपुर :** वन महोत्सव सप्ताह के तहत जिले में 30 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य पूरा करने का हर कोई आतुर है। रविवार को जिले भर में सरकारी विभागों व निजी संस्थाओं के लोगों ने आगे आकर बड़ी संख्या में पौधे रोपित किए। कोरोना में जान गंवाने वाले लोगों की याद में जिले में कोरोना शहीद स्मृति वाटिका बनाई जाएगी। मंडलायुक्त एसवीएस रंगाराव ने सदर ब्लाक के खुटेहना गांव में पीपल का पौधा लगाकर वाटिका की शुरूआत की। उन्होंने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर पौधारोपण व टीकाकरण अभियान की समीक्षा भी की।

सदर ब्लाक के खुटेहना में आयोजित गोष्ठी में मंडलायुक्त ने कहा कि पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण बहुत जरूरी है। पेड़ों से भारी मात्रा में आक्सीजन मिलती है। औषधीय वृक्ष विभिन्न प्रकार की बीमारियों में काम आते हैं। मंडलायुक्त ने ग्रामीणों से संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के तहत संबंधित विभागों की गतिविधियों का फीडबैक लिया। जिलाधिकारी श्रुति, पुलिस अधीक्षक हेमंत कुटियाल, एडीएम अरुण कुमार शुक्ल ने बरगद का पौधा लगाया। बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड इटईमैदा ने 30 हजार पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित कर अभियान की शुरूआत की। यूनिट हेड अवधेश कुमार गुप्त ने बताया



...तुलसीपुर क्षेत्र के अहलूपुर चौधरी में पौधा रोपित करते ग्रामीण • जागरण

**मंडलायुक्त ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर की पौधारोपण और टीकाकरण अभियान की समीक्षा**

कि नीम, आम, जामुन, पीपल के पौधे रोपित किए जाएंगे। कारखाना प्रबंधक वेद प्रकाश सिंह, नरुद्दीन, मयंक पुष्कर मौजूद रहे।

बलरामपुर चीनी मिल्स ने 60 हजार पौधारोपण अभियान की शुरूआत की। अधिशासी अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता के नेतृत्व में प्रधान प्रबंधक विधि एवं कार्मिक राजीव अग्रवाल ने पौधारोपण किया। बीएन ठाकुर, उदयवीर सिंह, विनोद मलिक, एसडी पांडेय, श्याम सिंह मौजूद रहे। उतरौला कोतवाली परिसर में प्रभारी निरीक्षक पंकज सिंह के निर्देशन में पौधे रोपित किए गए। इसी क्रम में पुलिस चौकी कस्बा परिसर, पुलिस चौकी महदेइया एवं निर्माणाधीन थाना गैंड़ास बुजुर्ग में पौधारोपण हुआ।



उतरौला नगर में पौधारोपित करते विधायक रामप्रताप वर्मा, नाई भवन धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू • जागरण

तुलसीपुर आदर्श नगर पंचायत की ओर से जरवा मार्ग स्थित कब्रिस्तान में 100 पौधे लगाए गए। अधिशासी अधिकारी अनिरुद्ध पटेल, सभासद मुजाहिद खान, समाजसेवी आमिर शाह मलिक, निजामुद्दीन खां मौजूद रहे। अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज तराई में डा. हुकुम सिंह के नेतृत्व में अस्पताल परिसर व अन्य स्थानों पर 305 पौधे रोपित किए गए।



...प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पौधा रोपित करते डा. हुकुम सिंह व डा. मनीष सिंह • जागरण

डा. मनीष प्रताप सिंह, फार्मासिस्ट पंकज उपाध्याय, प्रधान प्रतिनिधि गणेश सोनी, सीएचओ हमलता, एएनएम सुनीता व पवन वर्मा मौजूद रहे। विकास खंड रेहराबाजार के ग्राम पंचायत अचलपुर चौधरी में प्रधान संजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में एडीओ कृषि रामजीत वर्मा, अभिलाष पांडेय, रनदीप पवार, उत्तम कुमार ने पौधे रोपित कर उसके संरक्षण का संकल्प लिया। तालाब व श्मशान की भूमि पर 1700 पौधे रोपित किए गए। ममता, राजवंती, अभिलाष पांडेय, विशाल तिवारी, अनीता, प्रदीप कुमार मौजूद रहे।

# पर्यावरण संरक्षण को रोपे 22 लाख पौधे

## पौधरोपण कर मंडलायुक्त ने स्मृति वाटिका का किया उद्घाटन, वन महोत्सव के तहत जिले में लगाए जाएंगे 30 लाख पौधे

संवाद न्यूज एजेंसी

बलरामपुर। धरा को हराभरा बनाने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए वृहद वृक्षारोपण जन आंदोलन का शुभारंभ मंडलायुक्त ने पौधरोपण कर किया। वृहद वृक्षारोपण जन आंदोलन के तहत जिले में 22 लाख पौधे रोपित किए गए। प्रशासन के साथ समाजसेवी एवं स्वयंसेवी संगठनों के अतिरिक्त अन्य संस्थाओं द्वारा भी पौधरोपण किया गया। एक सप्ताह तक चलने वाले वन महोत्सव के दौरान जिले में 30 लाख पौधे लगाए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

मंडलायुक्त देवीपाटन मंडल एसवीएस रंगाराव ने रविवार को तहसील बलरामपुर के ग्राम खुटेहना में पीपल का पौधा रोपित करके वृहद वृक्षारोपण जन आंदोलन का शुभारंभ किया। इस दौरान मंडलायुक्त के साथ डीएम श्रुति एवं एसपी हेमंत कुटियाल ने बरगद व पाकड़ का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। मंडलायुक्त ने कोविड महामारी के दौरान दिवंगत हुए लोगों की याद में उद्यान विभाग की तरफ से निर्मित स्मृति वाटिका का उद्घाटन भी किया। गांव में आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए मंडलायुक्त ने कहा कि पौधरोपण पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए बहुत जरुरी है। पेड़ों से भारी मात्रा में ऑक्सीजन मिलने के साथ-साथ औषधीय जड़ी-बूटी प्राप्त होती है। जीवन को सुरक्षित व स्वस्थ रखने के लिए सभी लोग पौधरोपण करने के साथ उसके संरक्षण की भी जिम्मेदारी लें। मंडलायुक्त ने ग्रामीणों से संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के तहत संबंधित विभागों की तरफ से चलाए जा रहे गतिविधियों का फीडबैक भी लिया। उन्होंने ग्राम खुटेहना एवं ग्राम बैजपुर के गोसंरक्षण केंद्र का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर एडीएम अरुण कुमार शुक्ला, सहायक कलेक्टर अजय जैन, नेहा बंधु, अपर एसडीएम अपूर्व भारत, डीएफओ प्रखर गुप्ता, पीडी अनिल कुमार सिंह, डीपीआरओ नीलेश प्रताप सिंह, जिला उद्यान अधिकारी लाल बहादुर मौर्य, सीवीओ डॉ. एके सिंह एवं ग्राम प्रधान बैजपुर अरुण कुमार सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे। उतरौला में विधायक राम प्रताप वर्मा, एसएससी ग्रुप के एमडी धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू एवं भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डीपी सिंह ने नगर पालिका परिसर एवं पुलिस चौकी उतरौला नगर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर अनूप गुप्ता, शिवेंद्र गौरव मिश्रा, शिवम मिश्रा, सुधीर श्रीवास्तव व सरदार प्रीतपाल सिंह आदि मौजूद रहे। वन महोत्सव सप्ताह के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रजवापुर तुलसीपुर में चिकित्साधिकारी डॉ. सुजीत कुमार व डॉ. अशोक कुमार सिंह ने पौधरोपण किया। इस अवसर पर अर्पित पांडेय, नित्रशांत मणि तिवारी, मनीष कुमार त्रिपाठी व मनु सिंह आदि मौजूद रहे।



बलरामपुर के खुटेहना गांव में पौधरोपण करते मंडलायुक्त, डीएम, एसपी व अन्य।(संवाद)



चीनी मिल में पौधरोपण करते अधिकारी।



रेहरा बाजार में पौधरोपण के लिए जागरूक करते पुलिसकर्मी

## चीनी मिलों में किया गया पौधरोपण

वृहद पौधरोपण जन आंदोलन अभियान के तहत बलरामपुर चीनी मिल एवं बजाज चीनी मिल इटईमैदा में भी पौधरोपण किया गया। बलरामपुर चीनी मिल में अध्यासी अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता ने पौधरोपण लोगों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक विधि एवं कार्मिक राजीव अग्रवाल ने बताया कि जिला प्रशासन, वन विभाग व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सहयोग से चीनी मिल की तरफ से 60 हजार पौधे लगाए जाएंगे। इस अवसर पर चीनी मिल के वरिष्ठ अधिकारी वीएन ठाकुर, उदयवीर सिंह, विनोद मलिक, एसके सिंह, एसडी पांडेय व श्याम सिंह आदि मौजूद रहे। इसी तरह बजाज हिंदुस्तान चीनी मिल इटईमैदा में यूनिट हेड अवधेश कुमार गुप्ता ने पौधरोपण कर चीनी मिल कर्मियों को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत मिल परिसर और आसपास के क्षेत्रों में 30 हजार वृक्ष लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पौधरोपण के समय कारखाना प्रबंधक वेद प्रकाश सिंह, मयंक पुष्कर व डॉ. प्रधान सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## नहीं मिला पौधा, बैरंग लौटे प्रधान

बलरामपुर। पर्यावरण संतुलित करने के लिए अधिक से अधिक पौधे रोपित किए जाने का अभियान जिले में चलाया जा रहा है। विभागीय उदासीनता के कारण अभियान परवान नहीं चढ़ रहा है। रविवार को पौधे देने के लिए ग्राम प्रधानों को कुवांना रेंज के दुल्हिनपुर बुलाया गया था। ट्रैक्टर-ट्रॉली के साथ रेंज पहुंचे ग्राम प्रधानों को पौधा न होने की बात कहकर बैरंग वापस लौटा दिया गया। सदर विकास के ग्राम पंचायत बरईपुर की ग्राम प्रधान गुड़िया देवी के प्रतिनिधि विनोद कुमार ने बताया कि गांवों में हरियाली लाने के लिए ग्राम पंचायत में अर्जुन, अरिकुल फर्मिल, इमली, कंजी, खैर, गोल्ड मोहर व सागौन के करीब 2214 पौधे रोपित करने का लक्ष्य रखा गया है। रविवार को कई गांव के ग्राम प्रधानों को कुवांना रेंज के दुल्हिनपुर पौधशाला बुलाया गया था। ग्राम प्रधान ट्रैक्टर-ट्रॉली व पिकप तथा मजदूरों के साथ पौधशाला पहुंचे तो उन्हें बताया गया कि अभी पौधे उपलब्ध नहीं है बाद में आना। वाहनों का भाड़ा व मजदूरों की मजदूरी अपने जेब से देनी पड़ी। ग्राम प्रधानों ने डीएम से पौधे उपलब्ध कराए जाने की मांग की है। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 05-07-2021

# नेपाल से तस्करी कर लाई गई 1.28 करोड़ की चरस बरामद

## कार्रवाई

बहराइच | संवाददाता

नेपाल से चरस की तस्करी थम नहीं रही है। रविवार को रिसिया व कैसरगंज पुलिस ने एक-एक व दरगाह थाने की पुलिस ने दो तस्करों को धर दबोचा है। इनके पास से असलहा, कारतूस व बाइक भी बरामद की गई है।

बरामद चरस की अन्तरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 1.28 करोड़ आंकी गई है। एसपी सुजाता सिंह ने बताया कि रिसिया एसएचओ हेमंत कुमार गौड़ को भनक लगी कि रिसिया बलिदानपुरवा रोड पर तस्कर की गतिविधियों को देखा गया है। उन्होंने तत्काल उपनिरीक्षक इन्द्रजीत यादव, सिपाही राजेश यादव, दिवाकर सिंह, धर्मजीत सिंह को दबिश को भेजा। पुलिस टीम को रिसिया बलिदानपुरवा रोड पर एक बाइक सवार युवक आता दिखा। पुलिस टीम को देखकर वह बाइक मोड़ पीछे की ओर रफ्तार बढ़ाई। जिस पर शक होते ही पुलिस टीम ने उसे पीछा कर पकड़ा। तलाशी में उसके पास से 1.400 किग्रा चरस, तमंचा 12 बोर, 2 कारतूस बरामद हुए। उसकी पहचान दरगाह थाने के नौरईया गल्ला मंडी के पास निवासी चांद बाबू उर्फ मोटू के रूप में हुई। उसके विरुद्ध एनडीपीएस व आर्म्स, एमवी एक्ट में केस दर्ज किया गया है। बरामद चरस की अन्तरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 42 लाख आंकी गई है। गिरफ्तार आरोपी पर पूर्व में भी 8 केस दर्ज हैं।



दरगाह थाने में तस्करी कर लाई गई चरस के साथ तस्कर

दरगाह थाने में तैनात उपनिरीक्षक अतीउल्लाह, सिपाही रामचंद्र, ओम प्रकाश ने रविवार को मल्हीपुर रोड पर मंगल मिल के पास दो मादक तस्करों को पकड़ा। उनके पास से 2.030 किग्रा चरस बरामद की गई। दोनों तस्करों की पहचान मंसूरगंज निवासी विनोद काले, सालारगंज निवासी सुशील कुमार के रूप में हुई। बरामद चरस की अन्तरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 65 लाख आंकी गई है।

# कार्रवाईः मिलावटी शराब के गोरखधंधे में एक गिरफ्तार

बहराइच| **संवाददाता**

मयकशी करने वाले सावधान हो जाए। आपके जिले में भी जहरीली शराब के सौदागर लाइसेंसीं देशी व विदेशी शराब में स्प्रिट, यूरिया व नौसादर का शराब में मिलावट कर बेंच रहे हैं। फखरपुर थाने की पुलिस ने परसेंडी चौराहे के पास से ऐसे ही एक शातिर को धर दबोचा है। उसके पास से स्प्रिट, कच्ची, देशी व विदेशी शराब के अलावा यूरिया, नौसादर बरामद किया गया है। गहन पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

फखरपुर थानाध्यक्ष श्यामदेव चौधरी को रविवार को भनक लगी कि परसेंडी चौराहे के पास एक युवक की गतिविधियां संदिग्ध लग रही है। उसके पास बड़ी मात्रा में देशी व विदेशी शराब देखी गई है। उन्होंने तत्काल इसकी जानकारी अफसरों को दी। एएसपी सिटी कुंवर ज्ञांन्जय सिंह व सीओ कैसरगंज के पर्यवेक्षण में उपनिरीक्षक दिग्विजय यादव, सिपाही सूरज कुमार, अश्विनी कुमार विश्वकर्मा, प्रदीप कुमार ने दबिश देकर एक युवक

## सफलता

- बड़े पैमाने पर देशी व विदेशी शराब में की जा रही थी मिलावट
- कच्ची शराब, लाइसेंसीं देशी व विदेशी शराब, यूरिया, नौसादर, स्प्रिट बरामद

को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके पास से 10 लीटर कच्ची शराब, 5 लीटर स्प्रिट, 5 सौ ग्राम यूरिया, 4 सौ ग्राम नौसादर, लाइसेंसीं देशी शराब झूम की 37 पौव्वा, 48 पौव्वा मेकडावल नम्बर 1, 48 पौव्वा फ्रूटी बैगपाइपर, 48 पौव्वा 8 पीएम शराब, शराब बनाने के उपकरण आदि बरामद किए। गिरफ्तार युवक की पहचान इसी थाने के गजाधरपुर निवासी संजय के रूप में हुई है।

इस बरामदगी से पुलिस व आबकारी महकमे के होश उड़े हुए है। एसपी सुजाता सिंह ने बताया कि यह शातिर देशी व विदेशी शराब के पौव्वा में मिलावटी शराब भरकर आपूर्ति करता था। उसके विरुद्ध केस दर्ज किया गया है।

# पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

**बहराइच | संवाददाता**

प्रदेश की प्रमुख सचिव खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, नोडल अधिकारी अनीता सिंह ने जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र, पुलिस अधीक्षक सुजाता सिंह, मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना व अन्य अधिकारियों तथा क्षेत्रीय गणमान्य व संभ्रान्तजन के साथ ब्लाक फखरपुर की ग्राम पंचायत सौगहना में पौधरोपण किया। मौजूद लोगों को पेड़ सुरक्षा का संकल्प दिलाया।

नोडल अधिकारी ने कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए पौधरोपण बेहद आवश्यक है। हम सभी को मिलकर अधिक से अधिक संख्या मे पौधरोपण करना चाहिए। जिससे आक्सीजन की कमी न होने पाए। उन्होंने कहा कि पेड़ ही जीवन है। इस अवसर पर एसडीएम महेश कुमार कैथल, उपायुक्त श्रम रोजगार केडी गोस्वामी, एडीओ आईएसबी मृत्युंजय यादव, एडीओ को-आपरेटिव अतुल श्रीवास्तव, एपीओ अंकित सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी अनिल कुमार मौर्य, ग्राम प्रधान मोहम्मद नसीम, पूर्व प्रधान अज्जन अली, रोहित कुमार मौर्य सहित अन्य सम्बन्धित लोग मौजूद रहे।

# आरोपित दबोचा

**बहराइच :** दरगाह पुलिस ने हत्या के प्रयास के दर्ज मुकदमे के वांछित विजेंद्र कुमार गुप्त निवासी हमजापुरा को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। थानाध्यक्ष अमित तिवारी ने बताया कि दो दिन पूर्व जमीन के विवाद को लेकर युवक ने पड़ोस में रहने वाली अपने ही रिश्तेदार पर चाकुओं से वार किया था।(संसू)

# वांछित गिरफ्तार

**बहराइच :** रानीपुर पुलिस ने थाने में दर्ज प्राणघातक हमले के मुकदमे में वांछित कृष्ण कुमार उर्फ किशन निवासी जिगनिया जसकरन सिंह को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अरुण कुमार द्विवेदी ने बताया कि पकड़े गए वांछित को न्यायालय भेजा गया है।(संसू)

# बीट पुलिसिंग से महिला अपराधों पर लगेगा अंकुश

**संसू, महसी(बहराइच)** : अपराधों पर अंकुश लगाने को लेकर पुलिस की बीट चौपाल रंग ला रही है। जगह-जगह चौपाल आयोजित कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसके परिणाम भी सकारात्मक मिल रहे हैं।

थानाध्यक्ष हरदी भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में रविवार को रमपुरवा में बीट चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें ग्रामीणों को 1090, 112, 1098 समेत विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। महिलाओं से समन्वय बनाकर अपराधों पर अंकुश लगाने की जिम्मेदारी सौंपी। एसओ ने बताया कि महिला व पुरुष आरक्षी अपने बीट में संभ्रांत नागरिकों के संपर्क में रहेंगे। महिला आरक्षी महिला आरक्षी बुलबुल शर्मा, एकता, अनुप्रिया आंगनबाड़ी, महिला शिक्षक, आशा कार्यकर्ता के संपर्क में रहकर गांव की जानकारी जुटाएंगी। उन्होंने बताया कि एसआई सुधीर शुक्ल, सोमनाथ राय, विपिन सिंह लालबिहारी को अपराधों पर अंकुश लगाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# 750 ग्राम चरस संग गिरफ्तार

**कैसरगंज :** थानाध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर डढैला मोड़ पर घेराबंदी की गई। उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार वर्मा ने दौड़ा कर रईस अहमद उर्फ गोले निवासी कंदैला थाना कैसरगंज को पकड़ लिया।उसके कब्जे से 750 ग्राम चरस बरामद हुई। एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया गया।(संसू)

# तमंचा कारतूस संग गिरफ्तार

**बहराइच :** थानाध्यक्ष पयागपुर बृजानंद सिंह ने गश्त के दौरान मालिकराम को बड़कागांव अमदापुर के पास गिरफ्तार कर उसके पास से एक तमंचा 315 बोर व दो कारतूस बरामद किया। पकड़े गए आरोपित का आपराधिक इतिहास भी है। आरोपित के खिलाफ आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय भेज दिया गया। (संसू)

# चरस संग तीन गिरफ्तार

**संसू, बहराइच :** दरगाह थानाध्यक्ष अमित तिवारी ने बताया कि मंसूरगंज निवासी विनोद काले व सलारगंज मंदिर के पीछे रहने वाले सुशील कुमार को दो किलो 30 ग्राम नेपाली चरस के साथ गिरफ्तार किया गया है। दूसरी ओर रिसिया थानाध्यक्ष हेमंत गौड़ ने दरगाह के नौरैया गल्लामंडी निवासी चांदबाबू उर्फ मोटू को एक किलो 400 ग्राम चरस, तमंचा, कारतूस व चोरी की बाइक संग गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय भेज दिया गया।

## पकड़ा गया शराब तस्कर

**फखरपुर :** थानाध्यक्ष श्यामदेव चौधरी ने परसेंडी चौराहा से गजाधरपुर निवासी संजय को गिरफ्तार किया। उसके पास से पांच लीटर स्प्रिट, 10 लीटर मिलावटी शराब, 500 ग्राम यूरिया नौसादर, 37 झूम की शीशी, 48 मेगडावल, 48 फ्रूटी बैगपेपर, 48 शराब की शीशी बरामद किया। आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपित को न्यायालय भेज दिया गया। (संसू)

## आरोपित गिरफ्तार

**बहराइच :** रुपईडीहा पुलिस ने छेड़खानी के मुकदमे में वांछित बालापुर अझगोड़वा निवासी जयकरन को गिरफ्तार कर लिया। एसओ अशोक कुमार ने बताया कि आरोपित को न्यायालय भेजा गया है। (संसू)

# दिखाई मानवता

**रिसियामोड़ :** दबंगों की कारगुजारी से परेशान थाने पहुंची वृद्ध महिला को भूख-प्यास से व्याकुल व नंगे पैर देखकर थानाध्यक्ष अभय सिंह ने उसे चप्पल मंगवाकर दिया। खाना खिलाने के बाद आने का कारण पूछा तो उसने आप बीती बताई। एसओ ने कार्रवाई का आश्वासन देकर पुलिस टीम को जांच के लिए भेजा। (संसू)

# चरस के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**बहराइच।** कैसरगंज व दरगाह पुलिस ने चरस के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। कोतवाल हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कंदैला गांव निवासी रईस अहमद उर्फ गोले को 750 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वहीं दरगाह पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 2.30 किलोग्राम चरस के साथ मंसूरगंज मोहल्ला निवासी विनोद काले व सलारगंज मोहल्ला निवासी सुशील कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। -संवाद

# तमंचा व कारतूस के साथ युवक धरा

**बहराइच।** पयागपुर थानाध्यक्ष बृजानंद सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बड़कागांव अमदापुर गांव निवासी मालिक राम को गांव के ही पास से गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान एक तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। युवक के खिलाफ कई आपराधिक मुकदमे पहले से दर्ज हैं। उसे जेल भेज दिया गया है। -संवाद

# तराई को हरा-भरा रखने को रोपे गए 49 लाख पौधे

## कैसरगंज में प्रभारी मंत्री, नानपारा में सांसद के साथ विधायकों ने किया पौधरोपण, जिले के अधिकारियों ने वृहद पौधरोपण अभियान में लिया हिस्सा

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** तराई को ऑक्सीजन और पर्यावरण देने के लिए रविवार को 49 लाख पौध रोपित किए गए। जिसमें सभी ने मिलकर सहयोग किया। मझारा तौकली में जिले के प्रभारी मंत्री, सहकारिता मंत्री ने अधिकारियों के साथ पौधरोपण किया। जबकि नानपारा क्षेत्र में सांसद के अलावा विधायकों ने पौधरोपण किया। पुलिस समेत सभी विभाग के अधिकारियों ने पौधरोपण किया। लोगों को अधिक से अधिक संख्या में पौध लगाने के लिए प्रेरित किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर रविवार को जिले में रिकॉर्ड 49 लाख पौध रोपण के लिए अभियान चलाया गया। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र की देखरेख में पूरे जिले में पौधरोपण हुआ। कैसरगंज तहसील क्षेत्र के मंझारा तौकली में जिले के प्रभारी मंत्री अनिल राजभर, कैबिनेट मंत्री मुकुटबिहारी वर्मा, जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र, प्रभागीय वनाधिकारी मनीष सिंह ने पौधरोपण किया। फखरपुर विकास खंड के ग्राम सौगहना में प्रमुख खाद्य सुरक्षा व औषधि सचिव अनीता सिंह, जिलाधिकारी, एसपी सुजाता सिंह, सीडीओ कविता मीना, एसडीएम महेश कुमार कैथल की अगुवाई में पौधरोपण अभियान शुरू हुआ।

वहीं बलहा विकास खंड के नानपारा देहाती ग्राम के बंजारनटांड़ा में सांसद अक्षयवरलाल गोंड, बीडीओ रंजन गुप्ता की अगुवाई में पौधरोपण अभियान शुरू हुआ। पयागपुर तहसील के मंडी परिसर और नगर पंचायत परिसर में उपजिलाधिकारी कीर्तिप्रकाश भारती की अगुवाई में पौधरोपण किया गया। मिहींपुरवा विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत राजापुर कतरनिया में बलहा विधायक सरोज सोनकर, एसडीएम ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी, विधायक प्रतिनिधि आलोक जिंदल ने भूमि पूजन के साथ पौधरोपण शुरू किया। युवा नेता मयंक विश्वकर्मा, महिला नेत्री रूपाली, सचिन सोनकर, तहसीलदार नवीन कुमार, नायब तहसीलदार शशांकनाथ उपाध्याय ने गांव में विभिन्न प्रजाति के पौधे रोपित किए। ग्रामीणों ने भी आम, नीम, जामुन के पौध लगाए।

हुजूरपुर विकास खंड के दुर्गुपुर गांव में पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री अनुपमा जायसवाल, एसडीएम सदर सौरभ गंगवार, डीएफओ मनीष, तहसीलदार राजकुमार ने पौधरोपण किया। महिला महाविद्यालय में प्राचार्या डॉ. अंजलि अग्रवाल ने पौधरोपण करवाया। जिसमें डॉ. मधुबाला, डॉ. आकांक्षा पटेल और डॉ. सीमा रावत ने 20 से अधिक पौध रोपित किए। मोतीपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर एलबी यादव ने पौधरोपण किया। कैसरगंज सीएचसी में एएनएम, अशा बहू और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने विभिन्न प्रजाति के पौध रोपित किए। मिहींपुरवा विकास खंड के जरही स्थित संविलियन विद्यालय में ग्राम प्रधान अरविंद मदेशिया की मौजूदगी में शिक्षकों व अन्य ने पौधरोपण किया। उधर कैसरगंज में आयोजित पौधरोपण अभियान में प्रभारी मंत्री व कैबिनेट मंत्री ने पौधरोपण के लिए शपथ लिया। साथ ही उपस्थित जनसमूह को पौधरोपण के लिए शपथ दिलाई। इसके बाद सभी को एक-एक पौध वितरित किया गया। जिसमें जनसमुदाय ने पौध लगाने का संकल्प लिया।





कैसरगंज के मझारा तौकली में पौधरोपण करते प्रभारी मंत्री व नानपारा के बंजारटांड़ा में पौधरोपण करते सांसद अक्षयवरलाल गोंड। -संवाद





फखरपुर के सौगहना में पौधरोपण करतीं प्रमुख सचिव व चित्तौरा विकास खंड में स्थित विद्यालय में पौधरोपण करतीं सदर विधायक। -संवाद

**थाना परिसर में रोपित किए गए पौधे :** पुलिस विभाग की ओर से थाना परिसर में पौधरोपण किया गया। पयागपुर थाना परिसर में थानाध्यक्ष बृजानंद सिंह की मौजूदगी में पुलिस ने 145 पौध रोपित किये और पुलिस कर्मियों ने हाथ में पौध लेकर पौधरोपण करने का संकल्प लिया। मोतीपुर थाना परिसर में थानाध्यक्ष आरपी यादव की अगुवाई में पौधरोपण किया गया। रिसिया थानाध्यक्ष हेमंत कुमार गौड़ ने पुलिस बल के साथ पौधरोपण किया। इसी तरह कैसरगंज, सुजौली, हुजूरपुर समेत अन्य थानों में पौधरोपण किया गया।

### वन विभाग ने पौधरोपण में लगाई छलांग

बहराइच वन प्रभाग के डीएफओ मनीष सिंह ने बताया कि नानपारा रेंज में रेंजर राशिद जमाल, अब्दुल्लागंज रेंज, चकिया रेंज, बहराइच रेंज में रिकॉर्ड पौध रोपित किए गए। उन्होंने बताया कि वन विभाग के सभी कर्मचारियों ने स्वयं अधिक मात्रा में पौधे रोपे। जंगल के खाली स्थानों पर भी स्टाफ ने पौध लगाकर पर्यावरण को बचाने और तराई को हरा-भरा बनाने में सहयोग किया।

### विद्यालयों में भी हुआ पौधरोपण

जिले के सरकारी और गैर सरकारी विद्यालय के परिसर में भी पौधरोपण अभियान चला। शहर के सरस्वती विद्या मंदिर माधवपुरी में प्रधानाचार्य दीनदयाल पाठक, आचार्य राजेंद्र कुमार मिश्र ने पौधरोपण किया। तेजवापुर विकास खंड में शिक्षिका शमा प्रवीन, रश्मि प्रभाकर, बृजेश गुप्ता ने पौधरोपण किया। इसी तरह जिले के अन्य सरकारी व निजी स्कूलों में लोगों ने पौधरोपण किया।



पयागपुर थाने में पौधरोपण करते पुलिसकर्मी। -संवाद



नानपारा में पौधरोपण करते कृषि अधिकारी। -संवाद



मोतीपुर तहसील के राजापुर कतरनिया में पौधरोपण करतीं बलहा विधायक। -संवाद

# अवैध शराब बेचने वाले युवक को पुलिस ने दबोचा

**फखरपुर (बहराइच)।** अवैध तरीके से शराब बेचने वाले युवक को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। युवक के पास से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब व बनाने के उपकरण बरामद हुए हैं। पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर युवक को जेल भेज दिया।

## शराब बनाने के उपकरण व अंग्रेजी शराब भी बरामद

फखरपुर थानाध्यक्ष श्यामदेव को मुखबिर से सूचना मिली कि गजाधरपुर गांव निवासी संजय अंग्रेजी व देशी शराब अवैध तरीके से बेचने का काम करता है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए एसआई दिग्विजय यादव को दलबल के साथ भेजा गया। टीम ने मुखबिर की सूचना पर परसेंडी चौराहे के पास से घेराबंदी कर दबोच लिया। पकड़े गए युवक की निशानदेही पर 37 शीशी झूम, 48 बोतल अंग्रेजी की शराब व अन्य उपकरण बरामद हुए। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। -संवाद

# डकैती व चोरीकांड के खुलासे के लिए टीमें गठित

## खंगाली जा रही फुटेज, जल्द होगा मोतीपुर व कोतवाली नगर में हुई घटनाओं का खुलासा

**बहराइच।** मोतीपुर व कोतवाली नगर में हुई डकैती व चोरीकांड की घटना के खुलासे के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं। मोतीपुर पुलिस को सीसीटीवी फुटेज मिल गई है। दो लोग भागते हुए दिखाई पड़ रहे है। वहीं नगर कोतवाली पुलिस दिनभर सीसीटीवी फुटेज की तलाश में जुटी रही, लेकिन अभी कोई ठोस सुबूत हाथ नहीं लगा है।

मोतीपुर थाना क्षेत्र के जरही रोड निवासी व्यवसायी जमाल अहमद के घर में डकैतों ने घुसकर असलहे के बल पर जेवरात व नगदी समेत एक लाख 70 हजार रुपये लूट लिए थे। घटना की जानकारी मिलने पर नानपारा सीओ जंग बहादुर यादव मौके पर पहुंचे और बारीकि से हर बिंदु पर जांच की। सीओ ने बताया कि घटना का खुलासा करने के लिए दो टीमें गठित की गई हैं। एक टीम को लखीमपुर खीरी जनपद में भेजा गया है। सीसीटीवी फुटेज हाथ लगी है। जिसमें दो लोग सामान ले जाते हुए दिखाई पड़े हैं।

वहीं नगर कोतवाली क्षेत्र के बड़ीहाट मोहल्ला निवासी नईमउद्दीन के घर को भी चोरों ने निशाना बनाकर लगभग आठ लाख रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया था। साथ में लाइसेंसी रिवाल्वर भी उठा ले गए।

शहर में हुई चोरी की वारदात को खोलने के लिए एएसपी नगर कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने कानूनगोपुरा चौकी इंचार्ज, सिविल लाइन चौकी इंचार्ज, एसएसआई श्रीप्रकाश त्रिपाठी व एसआई कमल शंकर चतुर्वेदी के नेतृत्व में चार टीमें गठित की हैं। रविवार को टीमें लगातार सीसीटीवी फुटेज की तलाश में जुटी रही, लेकिन कोई ठोस जानकारी हाथ नहीं लगी। एएसपी नगर ने बताया कि जल्द ही घटना का राजफाश किया जाएगा। -संवाद

SHRAWASTI POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 05-07-2021

# 70 व्यक्तियों से वसूला गया जुर्माना

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोविड नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। गश्त के दौरान बिना मास्क के मिलने वालों पर जुर्माना लगाया जा रहा है। साथ ही चौक चौराहों पर चेकिंग कर लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग के साथ ही अन्य नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी जा रही है।

शनिवार को कोविड नियम उल्लंघन पर 70 लोगों से आठ हजार 900 रुपये जुर्माना वसूल किया गया। इसी क्रम में सभी थाना व चौकी प्रभारियों ने गश्त किया। गश्त के दौरान पुलिस कर्मियों ने लोगों से बातचीत कर क्षेत्र की स्थिति का जायजा लिया। साथ ही लोगों से कहा कि वे संकट के समय पुलिस के डायल 112 पर सम्पर्क कर मदद लें सकते हैं।

## वन महोत्सव अभियान के तहत पीपल, बरगद और औषधीय पौधे रोपे गए

# 4.64 लाख पौधे रोपने का दावा

**पौधरोपण**

श्रावस्ती | संवाददाता

रविवार को पौधरोपण का विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान एक दिन में चार लाख 64 हजार पौधे लगाने का दावा किया गया। हरिहरपुररानी क वर्गा वर्गी में पौधरोपण का जिले के नोडल अधिकारी वरिष्ठ आईएएस पी गुरु प्रसाद ने किया। उन्होंने कहा कि पौधों से मानव और जीव जंतुओं का जीवन सुरक्षित है।

वैदिक रीति से पूजा पाठ के बाद पौधरोपण करते हुए नोडल अधिकारी ने कहा कि वृहद पौधरोपण से ही पर्यावरण में आ रही गिरावट को रोका जा सकेगा। वृक्ष हमारे लिए कई प्रकार से लाभदायक होते हैं इनकी पत्तियों, छालों एवं जड़ों से विभिन्न प्रकार की औषधियां बनाते हैं। प्राचीन काल से ही वन मनुष्य के जीवन में विशेष महत्व रखते थे। यह मानव जीवन के लिए प्रकृति का अनुपम उपहार हैं। जिलाधिकारी टीके शिबु ने नोडल अधिकारी को बताया कि जिले में प्रदेश सरकार की ओर से 53 लाख 84 हजार 386 का लक्ष्य दिया गया है। जो विभिन्न विभागों के माध्यम से जुलाई के प्रथम सप्ताह में पूरा कराकर जिले को हरा-भरा किया जाएगा। वृहद वृक्षारोपण महाभियान के क्रम में रविवार को विभिन्न विभागों के माध्यम से 44 लाख 64 हजार 100 पौधे रोपित किये गए हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीडीओ ईशान प्रताप सिंह ने कहा कि वृक्ष धरा के भूषण हैं। इनसे अनेक प्रकार की सुविधाएं मिलती है तथा जल संचयन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वृहद पौधरोपण अभियान के दौरान विधायक राम फेरन पाण्डेय एवं नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा आदि ने पौधरोपण करके लोगों को प्रेरित किया। नोडल अधिकारी के वृहद पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान अपर जिला अधिकारी योगानन्द पाण्डेय, संयुक्त मजिस्ट्रेट आई ए एस परीक्षित खटाना, प्रभागीय वनाधिकारी ए पी यादव, उपजिलाधिकारी राजेश कुमार मिश्र, पुलिस क्षेत्राधिकारी हौसिला प्रसाद, तहसीलदार राजकुमार पाण्डेय सहित लोग मौजूद रहे।



वर्गा वर्गी गांव के पास जंगल में पौधरोपण के लिए पूजा पाठ करते नोडल अधिकारी

### नोडल अधिकारी ने शहीद वनकर्मियों को किया नमन

रविवार को हुए पौधरोपण अभियान के दौरान नोडल अधिकारी पी गुरु प्रसाद ने कई स्थानों का दौरा करके पौधरोपण की हकीकत परखी। उन्होंने चहलवा, परसा डेहरिया, ककरदरी आदि स्थानों का निरीक्षण किया। इसके साथ ही ककरदरी वन क्षेत्र में स्थापित शहीद वन क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार श्रीवास्तव और शहीद वाचर सुलेमान खां के स्मारक पर फूल माला चढ़ा कर नमन किया।

# नशीली दवा के साथ दो लोग धरे गए

**इकौना।** इकौना थाना प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत त्रिपाठी व कस्बा प्रभारी शिव कुमार शर्मा शनिवार को क्षेत्र में गश्त पर निकले थे। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि दो लोग महादा चौराहे पर नशीली गोलियां बेच रहे हैं। मुखबिर की मिलते ही पुलिस टीम महादा चौराहे पर पहुंच गई। पुलिस को देख आरोपी तहसील जाने वाले मुख्य सड़क की ओर भागने लगे। इस पर पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया।

पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने कुल 90 गोली नशीली दवा बरामद की। बरामद दवा को कब्जे में लेकर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान मोहल्ला मुबारक नगर निवासी पिंटू पुत्र रमजान व राज पूत्र पप्पू के रूप में हुई।

# 41 वाहनों का चालान हुआ

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य के निर्देश पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत सभी चेक पोस्टों पर वाहनों की चेकिंग की जा रही है। शनिवार को पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर वाहन चेकिंग लगाकर कुल 140 वाहनों के कागजात, शीट बेल्ट व हेलमेट चेक करने के साथ ही वाहनों पर सवार यात्रियों के मास्क को देखा गया।

# अवैध तमंचे और कारतूस के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

श्रावस्ती | **संवाददाता**

मिशन तमंचा अभियान के तहत पुलिस ने एक व्यक्ति के पास से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किया। तमंचे को कब्जे में लेकर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण को लेकर अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत रविवार को कोतवाली भिनगा के प्रभारी निरीक्षक बृजेश द्विवेदी टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। इस दौरान पुलिस ने लक्ष्मनपुर बाजार के पास संदेह होने पर एक व्यक्ति की तलाशी ली। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक अदद अवैध तमंचा व दो अदद कारतूस बरामद हुआ। बरामद तमंचा व कारतूस को पुलिस ने जब्त करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान अंकित तिवारी पुत्र अनिल कुमार तिवारी निवासी एकघरवा कुट्टी कोतवाली भिनगा के रूप में हुई।

आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक के साथ उपनिरीक्षक वीरपाल सिंह तोमर, आरक्षी अभिषेक सिंह, विशेष वर्मा, कैलाश यादव आदि शामिल रहे।

## तमंचा व कारतूस संग दबोचा गया आरोपित

**श्रावस्ती** : भिनगा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक बृजेश द्विवेदी पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान लक्ष्मनपुर बाजार के पास से तमंचा व कारतूस के साथ एकघरवा निवासी अंकित तिवारी को दबोच लिया। आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।(संसू)

## गांजा के साथ गिरफ्तार

**श्रावस्ती** : गिलौला थानाध्यक्ष अखिलेश पांड्येय पुलिस टीम के साथ गश्त पर निकले थे।इसी दौरान चेतियामुरार निवासी बाबूलाल को 420 ग्राम गांजा के साथ चेतिया मुरार चौराहा से दबोच लिया।एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।(संसू)

## नशीली दवा बरामद

**श्रावस्ती** : भिनगा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक बृजेश द्विवेदी, उपनिरीक्षक नदीम खान समेत टीम के साथ क्षेत्र भ्रमण के लिए निकले थे। इसी दौरान नथुनिया मोड़ के पास 70 टेबलेट नशीली दवा अल्प्राजोलम के साथ भरथा बेलभरिया निवासी सुंदा उर्फ सुरेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। (संसू)

## कार्यशाला आयोजित

**श्रावस्ती** : 62वीं वाहिनी एसएसबी मुख्यालय भिनगा में नियुक्त वाहन चालकों को कार्य कुशल बनाने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। यातायात प्रभारी रजनीश कुमार शुक्ला ने वाहन चालकों को यातायात नियमों, संकेतों व चालक के संकेतों के बारे में जानकारी दी गई। (संसू)



मल्हीपुर थाना परिसर में पुलिसकर्मियों के साथ पौधारोपण करते थानाध्यक्ष दद्दन सिंह (मध्य में) ● जागरण



भिनगा स्थित अंत्येष्टि स्थल परिसर में पौधारोपण करते नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अजय आर्य (बाएं) व भाजपा जिलाध्यक्ष संजय कैराती (मध्य में) ● जागरण




पुलिस लाइन भिनगा में पौधारोपण करते एसपी अरविंद कुमार मौर्य (बाएं से दूसरे) व एएसपी बीसी दूबे (बाएं से तीसरे) ● जागरण

# 41 वाहनों का किया ई-चालान

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने रविवार को विभिन्न चेकपोस्ट व बैरियर पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने 140 वाहनों की जांच कर 41 वाहनों का ई-चालान किया। इस मौके पर पुलिस ने 67,500 रुपये शमन शुल्क वसूल किया। वहीं पुलिस ने शनिवार शाम बिना मास्क के टहल रहे 70 लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 6900 रुपये जुर्माना वसूल किया। -संवाद

# पैदल गश्त कर किया जागरूक

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार रविवार को जिला पुलिस ने विभिन्न बाजारों में गश्त कर कानून-व्यवस्था व कोरोना वायरस से सुरक्षा एवं बचाव के दृष्टिगत व्यापारियों व आमजन से वार्तालाप कर जागरूक किया गया। वहीं क्षेत्राधिकारी भिनगा हौसला प्रसाद व इकौना एमपी शर्मा के नेतृत्व में थाना व चौकी प्रभारियों ने पैदल गश्त की। साथ ही साथ साप्ताहिक लॉकडाउन के बारे में सभी को जानकारी देकर नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया। -संवाद

# शांति भंग में 24 गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने शनिवार रात विशेष अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने 24 लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर उन्हें संबंधित एसडीएम के समक्ष पेश किया गया। -संवाद

# पैदल गश्त कर किया जागरूक

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार रविवार को जिला पुलिस ने विभिन्न बाजारों में गश्त कर कानून-व्यवस्था व कोरोना वायरस से सुरक्षा एवं बचाव के दृष्टिगत व्यापारियों व आमजन से वार्तालाप कर जागरूक किया गया। वहीं क्षेत्राधिकारी भिनगा हौसला प्रसाद व इकौना एमपी शर्मा के नेतृत्व में थाना व चौकी प्रभारियों ने पैदल गश्त की। साथ ही साथ साप्ताहिक लॉकडाउन के बारे में सभी को जानकारी देकर नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया। -संवाद

# नशीली गोलियों व तमंचे के साथ दो युवक गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** भिनगा कोतवाली पुलिस ने शनिवार शाम गश्त के दौरान एक युवक को 70 अल्प्राजोलम की गोलियों के साथ गिरफ्तार किया। अपर पुलिस अधीक्षक बीसी दूबे व क्षेत्राधिकारी नगर हौसला प्रसाद के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक भिनगा ब्रजेश द्विवेदी टीम के साथ गश्त कर रहे थे, तभी गडपुरवा नथुनिया मोड़ से एक युवक को गिरफ्तार किया गया। जिसकी पहचान थाना क्षेत्र के ग्राम भरथा बेलभरिया निवासी सुंदा उर्फ सुरेंद्र के रूप में हुई। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके कब्जे से 70 अल्प्राजोलम की नशीली गोलियां बरामद की।



कोतवाली पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर उसे संबंधित मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया, जहां से आरोपी को जेल भेजा गया है। उधर, भिनगा कोतवाली पुलिस ने लक्ष्मणपुर बाजार के पास से एक युवक को गिरफ्तार किया। जिसकी पहचान अंकित तिवारी निवासी एकघरवा कुट्टी के रूप में हुई। उसके कब्जे से पुलिस ने एक देशी तमंचा व दो कारतूस बरामद किए। उसे जेल भेजा गया है। -संवाद

# सीओ ने थाने का किया निरीक्षण

**श्रावस्ती।** इकौना थाने का बीते दिन शनिवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी इकौना ने अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। समीक्षा के दौरान उन्हें 61 विवेचनाएं लंबित मिली। जिसे दस दिन में निस्तारित करने का निर्देश दिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी इकौना महेंद्र पाल शर्मा शनिवार शाम इकौना थाना पहुंचे। जहां उन्होंने थाने पर तैनात विवेचकों के साथ मीटिंग कर लंबित एहकमात की समीक्षा की। इस दौरान थाना स्तर पर 61 विवेचनाएं लंबित मिली। जिस पर नाराजगी जताते हुए सीओ ने विवेचकों से लंबित विवेचनाओं को 10 दिन में निस्तारित करने, वांछित व वारंटियों की गिरफ्तारी करने तथा लंबित प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से यथाशीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने थाना परिसर, आगंतुक कक्ष, हवालात, बैरक, मालखाना, भोजनालय, थाना कार्यालय में रजिस्टरों व शस्त्रों सहित सफाई व्यवस्था की जांच की। निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था पर संतोष जताया। -संवाद